

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,मंगलवार 03 मार्च 2026 ■ फाल्गुन शुक्ल पक्ष-14 ■ वर्ष -41 ■ अंक-331 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 04 मार्च 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये



## अवकाश-सूचना

होली पर 4 एवं 5 मार्च 2026 को तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस एवं कार्यालय में अवकाश रहेगा। अगला सांध्य संस्करण 6 मार्च 2026 एवं प्रातः संस्करण 7 मार्च 2026 को प्रकाशित होगा. **होलिकोत्सव** पर सभी पाठकों एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

**व्यवस्थापक**

## पीवी सिंधू भारत लौटी, दुबई एयरपोर्ट स्टाफ का शुक्रिया अदा किया

**मुंबई,3 मार्च।** भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधू को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। पिछले कुछ दिनों से दुबई में फंसी पीवी सिंधू सही सलामत भारत लौट आई हैं। सिंधू ने एक्स पर पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी। सिंधू ने कहा कि वह बैंगलोर में अपने घर वापस आ गई हैं और सुरक्षित हैं। सिंधू ने अपनी पोस्ट में लिखा- सही सलामत घर वापस आ गई हूं। पिछले कुछ दिन बहुत मुश्किल और अनिश्चित रहे, लेकिन अब अपने घर वापस आकर सच में सभी की शुक्रगुजार हूं। सिंधू ऑल इंग्लैंड ओपन के लिए बर्मिंघम जा रही थी कि तभी इजरायल और US ने मिलकर ईरान पर हमला कर दिया। अब भारत लौटने के साथ ही सिंधू का ऑल इंग्लैंड ओपन में खेलने का सपना टूट गया है। उन्होंने दुबई एयरपोर्ट स्टाफ का आभार जताते हुए कहा कि जबरदस्त ग्राउंड टीम, दुबई अथॉरिटी, एयरपोर्ट स्टाफ, इमिग्रेशन और हर उस इंसान का दिल से शुक्रिया जिन्होंने इस मुश्किल समय में आगे आकर हमारी इतनी अच्छी देखभाल की। ये हमदर्दी और प्रोफेशनलिज्म शब्दों से कहीं ज्यादा मायने रखता है। अभी के लिए, आराम करने, खुद को रीसेट करने और अगले कदम तय करने का समय है।

## होली मिलन कार्यक्रम में बवाल:आपस में भिड़े छात्र

**बिलासपुर,3 मार्च।** गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय (GGU) परिसर में ब्रदर हुड पैनल ने सोमवार को होली मिलन कार्यक्रम रंग बरसे 0.5 का आयोजन किया था। कार्यक्रम के दौरान कुछ छात्रों ने नशे में जमकर रंग-गुलाल उड़ाए और एक दूसरे के कपड़े फाड़े। इसके बाद अचानक एक दूसरे से मारपीट करने लगे। मारपीट का वीडियो भी वायरल हुआ है। यूनिवर्सिटी में एबीवीपी द्वारा होली पर आयोजित कार्यक्रम में हुई मारपीट की चर्चा खत्म नहीं हुई और दूसरी बार छात्र आपस में भिड़ गए। सोमवार को ब्रदरहुड पैनल ने छात्रों के लिए रंग बरसे 0.5 का आयोजन किया था। ऑडिटोरियम के सामने तेज आवाज में साउंड सिस्टम लगाकर छात्र जमकर रंग-गुलाल उड़ा रहे थे। छात्र-छात्राएं सभी आपस में डांस कर रहे थे। कुछ छात्र आपस में ही एक दूसरे के शर्ट तक फाड़ रहे थे। अबीर गुलाल के नशे के बीच अचानक कुछ छात्रों ने मारपीट शुरू कर दी। बाकी छात्र विवाद देख इधर-उधर भागने लगे। मारपीट का वीडियो भी शाम तक सोशल मीडिया में वायरल होने लगा। वीडियो में छात्र एक दूसरे से मारपीट करते नजर आ रहे हैं। इस विवाद के बाद न तो पुलिस यूनिवर्सिटी आई और ना ही कोई थाने गया।

**चार दिन पहले भी इसी तरह के आयोजन में लड़े थे छात्र**-चार दिन पहले एबीवीपी ने कैंपस में होली मिलन का आयोजन किया था।

कार्यक्रम के दौरान यहां भी छात्र आपस में भिड़ गए थे।

# मिडिल ईस्ट में तनाव के बीच 3 भारतीय नाविकों की मौत, 1 घायल

तेहरान,3 मार्च। मिडल ईस्ट में गहराते सैन्य संघर्ष के बीच भारतीय नाविकों को लेकर एक दुखद खबर सामने आई है। शिपिंग महानिदेशालय ने मंगलवार को पुष्टि की कि विदेशी झंडे वाले जहाजों पर तैनात तीन भारतीय नाविकों की मौत हो गई है, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल है। यह घटना अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य टकराव के दौरान हुई है, जिसने वैश्विक व्यापार मार्गों के लिए बड़ा खतरा पैदा कर दिया है।

**विदेशी जहाजों पर तैनात थे नाविक**-डीजी शिपिंग के अनुसार, इस क्षेत्र में भारतीय नाविकों से जुड़ी चार घटनाएं रिपोर्ट की गईं। हताहत होने वाले सभी नाविक विदेशी झंडे वाले जहाजों पर कार्यरत थे।

### 'इजरायली पीएम नेतन्याहू के ऑफिस और एयरफोर्स बेस को बनाया निशाना'

मिडिल-ईस्ट में जारी तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। इजरायल-अमेरिका के हमले के बाद ईरान चौतरफा पलटवार कर रहा है। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने दावा किया है कि उसने



इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय और इजरायली वायु सेना कमांडर के ठिकानों को मिसाइलों से निशाना बनाया है। ईरान के इजरायली प्रधानमंत्री के दफ्तर को उड़ाने के दावे के बाद अब बेंजामिन नेतन्याहू सामने आये हैं. उन्होंने मिसाइल हमले के स्थल का दौरा किया. साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का शुक्रिया भी अदा किया. नेतन्याहू ने कहा, 'परमाणु शक्ति से लैस ईरान पूरी मानवता के लिए खतरा होगा. इजरायल लोगों की रक्षा कर रहा है.' ईरान के हमले के दावे के बीच इजरायली पीएम नेतन्याहू का बड़ा बयान सामने आया है. उन्होंने कहा, इजरायल लोगों की रक्षा कर रहा है. साथ ही US राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का शुक्रिया अदा किया. उन्होंने ईरान के यूरोप पर हमला करने को लेकर कहा कि इसको लेकर उन्होंने पहले ही भविष्यवाणी की थी. नेतन्याहू ने कहा, 'मैं दुनिया को बचाने के इस महत्वपूर्ण प्रयास में हमारे साथ शामिल होने के लिए हमारे महान मित्र और विश्व के महान नेता डोनाल्ड ट्रम्प को विशेष धन्यवाद देना चाहता हूं. परमाणु शक्ति से लैस ईरान 'पूरी मानवता के लिए खतरा' होगा और इज़राइल कई लोगों की रक्षा कर रहा है. मैंने कहा था कि ईरानी यूरोप को निशाना बनाएंगे. उन्होंने ऐसा किया.' इजरायली पीएम ने आगे कहा, 'ऑपरेशन 'रोरिंग लायन' का तीसरा दिन है. जिसे इजरायल और अमेरिका ने मिलकर इजरायल के अस्तित्व के लिए मंडरा रहे खतरों और अमेरिका और पूरी दुनिया के लिए मंडरा रहे बड़े खतरों को विफल करने के लिए शुरू किया था.

## हमारे पास असीमित हथियार: ट्रंप

**वाशिंगटन,3 मार्च।** ईरान और अमेरिका युद्ध के कमजोर होने के आसार नहीं हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 4 से 5 हफ्ते तक संघर्ष चलने की बात कह रहे हैं। साथ ही अमेरिका का कहना है कि अब तक सबसे बड़ा हमला नहीं किया गया है। इधर, ईरान भी झुकने के मूड में नहीं है। सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई की मौत के बाद ईरान ने साफ कर दिया है कि अमेरिका से किसी तरह की बातचीत नहीं की जाएगी। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में आयोजित एक समारोह में ईरान के खिलाफ जारी सैन्य अभियान 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि ईरान के परमाणु और मिसाइल ठिकानों को नष्ट करने के लिए यह अब तक का सबसे अच्छा और निर्णायक अवसर है और कहा कि जरूरत पड़ी तो वह खाड़ी में थल सेना भी भेजेंगे। ईरान पर अमेरिका और इजराइल द्वारा निरंतर की जा रही बमबारी के कारण वैश्विक स्तर पर उड़ान संचालन में अव्यवस्था सोमवार को बढ़ गई। ईरान ने भी पश्चिम एशिया में अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाकर हमले किए, जिसके चलते हवाई अड्डे बंद कर दिए गए और कई जगहों पर यात्री फंस गए।

# दिल्ली आते ही लौटी मुस्कान



**नई दिल्ली,3 मार्च।** दुबई में फंसे भारतीयों को लेकर एयर इंडिया का विमान मंगलवार को नई दिल्ली पहुंचा। फ्लाइट एआई916डी आज सुबह करीब 11 बजे दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंड हुई। एयरक्राफ्ट वीटी-ईडीसी में कुल 149 यात्री सवार थे। अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर हमले और ईरान की जवाबी कार्रवाई से मिडिल ईस्ट में माहौल काफी तनावपूर्ण है। इस माहौल के बीच एयर इंडिया की यह पहली उड़ान थी, जिससे यात्रियों को भारत लाया गया। इससे पहले सुबह एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस के 143 कॉकपिट और केबिन क्रू सदस्यों को सुरक्षित दिल्ली लाया गया। यह लोग दुबई में फंसे हुए थे। दुबई से लौटे यात्रियों ने भारत लौटने पर राहत की सांस ली है। साथ ही उन्होंने सरकार और एयरलाइंस का शुक्रिया भी अदा किया है।

एयर इंडिया ने अपने बयान में कहाकि मौजूदा हालात में उनकी टीम लगातार काम कर रही है। इस दौरान बेहतर समन्वय के साथ चीजों को बेहतर बनाने पर ध्यान दिया जा रहा है। इसके अलावा एयर इंडिया ने सहयोग के लिए भारत सरकार, डीजीसीए और दुबई के स्थानीय अधिकारियों का भी आभार जताया है। साथ ही एयरलाइन ने यात्रियों और क्रू मेंबर्स की सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की है। बयान में कहा गया है कि हम हालात पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। इसके अलावा अधिकारियों के भी लगातार टच में हैं, जिससे मौका मिलते ही अधिक फ्लाइट्स ऑपरेट की जा सकें।

**अबू धाबी-बेंगलुरु फ्लाइट भी आई**-गौरतलब है कि सैन्य अभियानों के बाद पश्चिम एशिया के बड़े हिस्से में अस्थायी रूप से हवाई क्षेत्र बंद कर दिया गया था, जिसके चलते खाड़ी देशों और भारत के बीच कई उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। हवाई क्षेत्र के चरणबद्ध रूप से खुलने के बाद कड़े सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत सीमित निकासी और वापसी उड़ानें शुरू की गईं। अबू धाबी-बेंगलुरु फ्लाइट से लौटे यात्रियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि संघर्ष के दौरान स्थिति भयावह थी। एक यात्री ने कहा कि एयरलाइन ने उन्हें होटल में ठहराया, जहां आसपास विस्फोटों की आवाजें सुनाई देती थीं और मिसाइलों को रोका जा रहा था। उन्होंने कहा कि भारत लौटकर उन्हें राहत मिली है।

## इजरायल ने सालों पहले हैक किए ईरान के सारे कैमरे, हर हरकत पर नजर; फिर किया खामेनेई पर अटैक

**वाशिंगटन,3 मार्च।** अमेरिकी सेना ने कहा है कि B-2 स्टील्थ बमवर्षक विमानों ने 2,000 पाउंड के बमों से ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल ठिकानों पर हमला किया है। ट्रंप के मुताबिक ईरान के 9 युद्धपोत डूब गए हैं और ईरानी नौसेना का मुख्यालय लगभग पूरी तरह से नष्ट हो गया है। ईरान और अमेरिका के बीच बीते कई हफ्ते से चली जा रही तनातनी के बाद अमेरिका का हालिया हमला अप्रत्याशित नहीं था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप खुद कई दिनों से यह संकेत दे रहे थे कि वे ईरान पर सैन्य कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेंगे। हालांकि भले ही यह हमला होना निश्चित हो, लेकिन अमेरिका और इजरायल ने इस हमले में जिस तरह ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई के पूरे परिवार का नामों निशान मिटा दिया, वह जरूर हैरान करता है। अब रिपोर्ट्स में यह बात सामने आई है कि खामेनेई की हत्या की प्लानिंग सालों से चल रही थी। अमेरिकी और इजरायली हमलों में खामेनेई के साथ उनकी पत्नी, उनकी बेटी, बेटे और दामाद के मारे जाने की भी खबर है। ऐसे में यह समझा जा सकता है कि इस हमले के लिए कितनी तगड़ी प्लानिंग की गई थी। लंदन बेस्ड फाइनेंशियल टाइम्स की एक न्यूज रिपोर्ट में इजरायल की जासूसी एजेंसियों द्वारा रचे गए इस प्लान का खुलासा हुआ है। इस रिपोर्ट के मुताबिक इजरायल ने सालों तेहरान के ट्रैफिक कैमरों को हैक कर रखा। रिपोर्ट में कई सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि इजरायल ने अयातुल्ला अली खामेनेई और ईरानी सैन्य नेतृत्व की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए राजधानी तेहरान के लगभग सभी ट्रैफिक कैमरों में सेंध लगा दी थी। कैमरों से मिलने वाली फुटेज को एन्क्रिप्ट कर सर्वरों पर भेजा जाता था। इसके साथ ही मोबाइल फोन नेटवर्क तक भी पहुंच बनाई गई थी। इसी निगरानी के आधार पर इजराइली और अमेरिकी बलों ने खामेनेई की सटीक लोकेशन की पहचान कर लक्षित हमले को अंजाम दिया।

## खामेनेई की मौत पर कश्मीर में भारी विरोध प्रदर्शन

**श्रीनगर,3 मार्च।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की अमेरिका और इज़राइल के संयुक्त हमले में हुई मौत के बाद कश्मीर घाटी में तनाव चरम पर है। मंगलवार को लगातार दूसरे दिन घाटी में कड़े प्रतिबंध लागू रहे। अगस्त 2019 के बाद यह पहली बार है जब कश्मीर में इतने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन देखे जा रहे हैं। एहतियात के तौर पर सोमवार (2 मार्च, 2026) को दो दिनों के लिए एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन बंद कर दिए गए और मोबाइल इंटरनेट की स्पीड कम कर दी गई, लेकिन अधिकारियों ने मंगलवार (3 मार्च, 2026) को घाटी में सिक्योरिटी फोर्स के काफिले की सभी मूवमेंट कैंसिल कर दी क्योंकि कुछ जगहों पर विरोध प्रदर्शन हिंसक होने लगे थे। टेंशन से बचने के लिए, उन्होंने मंगलवार (3 मार्च, 2026) को सिक्योरिटी फोर्स की कोई भी रोड ओपनिंग पार्टी तैनात नहीं करने का भी फैसला किया है।



# 'सौगात' पर कांग्रेस के बयान से बिफरे डिप्टी सीएम साव

### जिस पार्टी ने किसानों को ठगा, वो किस मुंह से कर रही है बात

रायपुर,3 मार्च। धान की अंतर राशि को सौगात बताए जाने पर कांग्रेस ने तंज कसते हुए इसे किसानों को प्रति एकड़ 3000 रुपए चूना लगाने वाला बताया है. इस पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि जिस पार्टी ने किसानों को ठगा, वो किस मुंह से बात कर रही है. कांग्रेस के मापदंड समय के साथ बदलते रहे हैं. इसी नीति ने कांग्रेस को गर्त में डालने का काम किया है. उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मंगलवार को मीडिया से रु-ब-रू हुए. इस दौरान उन्होंने धान के अंतर की राशि को लेकर कांग्रेस के बयान को लेकर कहा कि दो साल का बोनस देने का वादा कांग्रेस ने किया था, उसको भी नहीं दिया. हमने वादा किया था कि कृषक उन्नत योजना की राशि एक साथ देंगे. और हमने धान खरीदी के बाद एक साथ राशि दिया है.



**राज्यसभा प्रत्याशी चयन की चल रही प्रक्रिया**

छत्तीसगढ़ से भाजपा से राज्यसभा प्रत्याशी के नाम को लेकर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्टी में प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया चल रही है. निर्धारित समय पर नाम और नामांकन होगा. स्थानीय प्रत्याशी की मांग पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा अन्याय किया है. योग्य और अच्छा कार्यकर्ता भाजपा का होगा. सभी चीज पार्टी की पार्लियामेंट बोर्ड तय करती है.

**असम में बनने वाला है इतिहास**

वहीं असम चुनाव को लेकर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि असम में ड्यूटी लगी है. भाजपा के कार्यकर्ता हैं, पार्टी जो-जो काम बताती है, उसे करते हैं. अन्य राज्यों के कार्यकर्ता भी हमारे राज्य में चुनाव में आते हैं. वहां के कार्यकर्ता के साथ मिलकर काम कर रहे हैं. असम के लखीमपुर की जिम्मेदारी मिली है. आगे समीक्षा करके काम करना है. असम में इतिहास बनने वाला है.

### "छत्तीसगढ़ में 01 अप्रैल 2026 से नशाबंदी पर पूर्ण विराम"

# जनता की आवाज लाई रंग, पियक्कड़ हुए बदरंग

जनादेश का पालन करते हुए हमारा प्रदेश चहुंमुखी विकास का प्रतीक बन गया है। चारों तरफ स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पर्यटन का केंद्र बन गया है। थल मार्ग, वायु मार्ग का जाल बिछ गया है। लोग सिर्फ यह बात क्यों करते है कि छत्तीसगढ़ का हीरा,लोहा, कोयला, सीमेंट अब विदेश भेजने के लिए 08 से 10 घंटे में समुद्रतट पहुंच जाएगा परंतु यह चर्चा क्यों नहीं करते कि पत्थलगांव का टमाटर या धमधा-बेमेतरा का पपीता सिर्फ आठ-दस घंटे में विशाखापटनम, इंदौर, नागपुर, हैदराबाद, कटक, कोलकाता, रांची पहुंच जाएगा तथा इस तरह छत्तीसगढ़ के किसानों के साथ दलालों की भी किस्मत बुलंदी पर होगी।

राजनेताओं-अधिकारियों की बात ही छोड़ दीजिए वे तो सपनों को मूर्त रूप देते हैं। मगर एक बात इस राज्य की लोकप्रियता को बढ़ाने के लिए दागदार हो गई है, वह है नशाखोरी। कहते हैं नशा के इस जंजाल में छत्तीसगढ़ के छोटे से लेकर बड़े तक सभी लिंग के लोग फंस गए हैं। स्कूल में पढ़ाने वाले, अस्पताल में सेवा देने वाले, क्या मजदूर क्या धंधेबाज सभी तक इस जहरीली बीमारी के चक्कर में आ गए हैं. और उसकी पकड़ मजबूत होती जा रही है. इसी बात को लेकर राज्य में हर स्तर पर चिंतन-मनन जारी है। इसके लिए एक आपात बैठक आज रात्रि में होलिका दहन के फौरन बाद सुबह-सुबह जनप्रतिनिधियों, विचारकों के साथ प्रदेश शासन के मुखिया और उनके संगीजनों के बीच शहर के कोलाहल से दूर दुनदुरी के पास स्थित छत्तीसगढ़ की उपराजधानी वाटिका में सम्पन्न हुई। आज जब सुबह मेरी आंख खुली तो देखता हूं कम से कम पांच हेलीकाप्टर एक के बाद एक करके बंजारा वन के पास उतरी अब उसमें कौन-कौन शासक-प्रशासक थे। कहा नहीं जा सकता। क्योंकि पाठकों को याद हो या ना हो हम आपको याद दिला दें कि वाटिका गांव से तीन किलोमीटर तक के क्षेत्र को करीब 24 माह पूर्व अगले आदेश तक किसी भी तरह के ड्रोन के इस्तेमाल से वंचित कर दिया गया है। खैर हमें आज भी बुरा नहीं लगा क्योंकि इसके पहले भी पिछले दो वर्षों में कई हेलीकाप्टर, कार वाटिका आये गये उसमें कौन नेता, अभिनेता, उद्योगपति, खिलाड़ी, कार्पोरेट जगत की हस्तियां आई गई। कुछ नहीं मालूम तो आज भी पता नहीं चला तो चलो कोई बात नहीं। तीन चार घंटे चली बैठक अंततः समाप्त हुई तो हमारे भी चाहने वाले वहां थे क्योंकि हम भी उस क्षेत्र में दो वर्ष तक नशामुक्ति विभाग में नौकरी कर चुके थे और आज एक बड़ा रहस्योद्घाटन भी करना चाहता हूं कि उस समय जशपुर अंचल में हर दिल अजीज ,सबके हित का ध्यान रखने वाले स्मृति शेष आदरणीय कुंवर साहब मेरे बड़े भाई, अभिभावक, मार्गदर्शक हुआ करते थे। मेरा यह सौभाग्य है कि आज के छत्तीसगढ़ के मुखिया को भी उन्हीं का आशीर्वाद अगुवाई तथा संरक्षण प्राप्त है। आज के बैठक की जो जानकारी प्राप्त हुई तो पहले तो एकाएक यकीन नहीं हुआ लेकिन बाद में लगा राज्य के आने वाली पीढ़ी का भविष्य उज्जवल होगा। निर्णय इस प्रकार था- छत्तीसगढ़ प्रदेश में आगामी 1 अप्रैल 2026 से सभी तरह की नशा करने वाली वस्तु प्रतिबंधित होगी। न कोई शराब, गांजा, भांग, हेरोइन आदि खरीद सकेगा ना ही बेच सकेगा। न ही स्वयं खा सकेगा। फिर जनता के हित के लिए राजस्व कहां से आएगा तो इसके लिए स्पष्ट किया गया है कि प्रदेश को उपलब्ध खनिजों की जानकारी प्राप्त करके उसका विधिवत नीलाम किया जाएगा। साथ ही आबकारी विभाग का पुलिस विभाग में विलय कर दिया जाएगा क्योंकि नशे को रोकथाम का जो काम आबाकारी विभाग को करना चाहिए वह पुलिस विभाग कर रहा है। आंखों के सामने 2018 से 2023 तक की सरकार के शराब तस्करी, अवैध विक्रय से करोड़ों रुपए का राजस्व गंवा दिया गया अतः अब आबकारी विभाग को बंद किया जाना ही उपुयक्त होगा।

**(होस)**

# जशपुर में 24 किलो गांजा जब्त दो आरक्षक समेत चार गिरफ्तार

**जशपुर,3 मार्च।** जशपुर जिले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विवेकानंद कॉलोनी स्थित एक किराये के मकान से 24 किलो गांजा बरामद किया है। इस मामले में दो युवकों की गिरफ्तारी के बाद चौंकाने वाला खुलासा हुआ, जिसमें पुलिस विभाग के दो आरक्षकों की संलिप्तता सामने आई है। सभी चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार, जशपुर कोतवाली थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि विवेकानंद कॉलोनी के एक घर में गांजा डंप कर रखा गया है। सूचना पर पुलिस टीम ने दबिश देकर मौके से 24 किलो गांजा जब्त किया और दो आरोपी—सुनील भगत और रवि विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया।



**तस्करी में दो आरक्षक भी शामिल**

पूछताछ के दौरान आरोपी सुनील भगत ने खुलासा किया कि गांजा तस्करी के नेटवर्क में पुलिस विभाग के दो आरक्षक भी शामिल हैं। जांच में तपकरा थाने में पदस्थ आरक्षक धीरेन्द्र मधुकर और अमित त्रिपाठी के नाम सामने आए।

**साक्ष्य मिलने पर हुई गिरफ्तारी**

पुख्ता सबूत मिलने के बाद पुलिस ने दोनों आरक्षकों को भी गिरफ्तार कर लिया। चारों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20बी के तहत मामला दर्ज किया गया है। सुनील भगत और रवि विश्वकर्मा को पहले ही जेल भेजा जा चुका था, जबकि दोनों आरक्षकों को भी न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

# आयुक्त ने नाला गहरीकरण, सुगम यातायात और स्वच्छता के लिए दिए कड़े निर्देश



**भिलाई, 4 मार्च।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पांडेय द्वारा जोन-1 नेहरू नगर क्षेत्रांतर्गत विभिन्न विकास कार्यों एवं व्यवस्थाओं का जमीनी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोसा नाला बाउंड्रीवाल निर्माण, एसएलआरएम सेंटर एवं संजय नगर नाला सहित अन्य संवेदनशील क्षेत्रों का जायजा लिया।आयुक्त ने सुपेला थाना के पीछे स्थित कोसा नाले का निरीक्षण करते हुए कहा कि वर्षा ऋतु में अत्यधिक बारिश के कारण यहां जलभराव की स्थिति निर्मित होती है। नागरिकों को राहत दिलाने के लिए नाले के गहरीकरण एवं चौड़ीकरण का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। कोसा नाला पर रिटेनिंग वॉल का निर्माण मानसून के दौरान जलभराव रोकने और आसपास की बस्तियों को बाढ़ से सुरक्षित रखने की दृष्टि से महत्वपूर्ण परियोजना है। साथ ही नाले के किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण को चिह्नित कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। आयुक्त ने एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण कर कार्यरत महिला कर्मचारियों से चर्चा की तथा प्रतिदिन की उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया। उन्होंने स्वच्छता कार्य में निरंतरता बनाए रखने और व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। संजय नगर वार्ड-6 में स्थित पुराने नाले का निरीक्षण करते हुए रिटेनिंग वॉल का अवलोकन किया गया। बताया गया कि इस निर्माण से वर्षा ऋतु में जलभराव की समस्या नहीं होगी। निरीक्षण के दौरान नेहरू नगर सूर्या मॉल चौक के पास व्यापारियों द्वारा किए गए अतिक्रमण के कारण सड़क बाधित होने की स्थिति सामने आई, जिससे नागरिकों को आवागमन में असुविधा हो रही है। सुगम यातायात के लिए लेफ्ट फ्री करने की योजना ट्रांसफार्मर एवं अतिक्रमण के कारण लंबित है। इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए आयुक्त ने जोन आयुक्त अजय राजपूत एवं सहायक राजस्व अधिकारी सुनील जोशी को तत्काल अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कर यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस दौरान कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल, उप अभियंता पुरुषोत्तम सिन्हा, बसंत साहू, रीमा जामुलकर तथा जोन स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी सहित अन्य निगम अधिकारी उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### सरकार ने किया शराबबंदी का फैसला, कवर्धा में खुशी की लहर

**कवर्धा, 3 मार्च (होस)।** छत्तीसगढ़ राज्य की सरकार ने अचानक होली के एक दिन पूर्व कैबिनेट बैठक लेकर सीएम विष्णुदेव साय ने फैसला लिया की होली के दिन से शराब बंदी एक साल के लिए की जाएगी । इसके पीछे यह कारण माना जा रहा है की नशे की आदत जो लगातार बढ़ रही थी उस पर पूरी तरह रोक लगे । महिलाओं , कालेज की छात्राओं ने शराब बंदी की खबर पर खुशी जताई है लेकिन शराब बंदी की खबर मिलते ही लंबी लाइन शराब दुकानों में लग गई है और शराब प्रेमियों में खूब निराशा फैल गई है । विपक्ष को भी आश्चर्य लग रहा है की सरकार ने शराब बंदी का फैसला अचानक कैसे ले लिया है । महिला जनप्रतिनिधियों ने भी ऐसी खबर सुनकर साथ सरकार की भूरी भूरी प्रशंसा की ।

### जुआ खेलते कांग्रेस,भाजपा नेता पकड़ाए



**भिलाई, 3 मार्च (तछसं.)।** भिलाई अमलेश्वर थाना क्षेत्र के कृष्णा वाटिका रिसॉर्ट में संचालित हो रहे बड़े जुआ के फड़ पर पुलिस ने छापा मारकर कांग्रेस मंडल अध्यक्ष, भाजपा नेता और पार्षद पति समेत 16 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 3.59 लाख नगद सहित 25 लाख से अधिक की सामग्री जब्त की है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( ग्रामीण ) मणिशंकर चन्द्रा ने बताया कि थाना अमलेश्वर को सूचना मिली कि कृष्णा वाटिका रिसॉर्ट में कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों पर रूपयों का दांव लगाकर हार-जीत का जुआ खेल रहे हैं सूचना की तस्दीक कर थाना अमलेश्वर पुलिस टीम एवं एसीसीयू टीम द्वारा संयुक्त रूप से मौके पर दबिश दी गई दबिश के दौरान रोहित निर्मलकर (43 साल )निवासी रावतपुरा कॉलोनी रायपुर, नरेश सोनकर ( 29 साल ) निवासी पाठागांव रायपुर, प्रमोद वर्मा (34 साल ) निवासी सत्यम विहार रायपुर, मुकेश कुमार धीमर (28 साल ) निवासी गुरुवार बाजार चौक दुर्ग, संजू सोनकर (30 साल )निवासी ग्राम खुडमुड़ा दुर्ग, नारायण टंडन (24 साल )निवासी मगरघटा दुर्ग, डिजेन्द्र निर्मलकर (30 साल )निवासी बस्तीपारा कुथरेल दुर्ग, पुनीत राम साहू (46 साल )निवासी अमलेश्वर दुर्ग, विनोद अमरदास, (35 साल ) निवासी मगरघटा दुर्ग, शुभम चंद्राकर (30 साल ) निवासी सत्यम विहार रायपुर, गोपाल सोनकर उर्फ गोपी (52 साल ) निवासी पाठागांव, रायपुर, मनीष साहू उर्फ गुड्डू (30 साल ) निवासी अमलेश्वर दुर्ग, सोनू साहू उर्फ दुर्गेश (29 साल ) निवासी अमलेश्वर दुर्ग, सत्यनारायण साहू ( 42साल ) निवासी ग्राम खुडमुड़ा दुर्ग, संजय साहू (32 साल )निवासी सत्यम विहार कॉलोनी रायपुर व महेंद्र साहू (46 साल )निवासी अमलेश्वर दुर्ग को जुआ खेलते रंगे हाथों पकड़ा गया आरोपियों के कब्जे से नगद राशि 3,59,470 रुपए एवं 22 नग मोबाइल बरामद किए गए साथ ही मौके पर खड़े 3 मोटरसाइकिल एवं 3 चार पहिया वाहन जब्त किया गया।

### लापरवाही से वाहन चालक,जुर्म दर्ज



**भिलाई, 3 मार्च (तछसं.)।** भिलाई नगर थाना क्षेत्र के सिविक सेंटर में खतरनाक ढंग से वाहन चलाते एक चार पहिया चालक के खिलाफ बीएनएस एवं मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी एवं प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई भिलाई नगर टीआई जितेंद्र वर्मा ने बताया कि विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था अभियान के दौरान सिविक सेंटर मिनी मार्केट क्षेत्र में एक कार चालक द्वारा भीड़?भाड़ वाले स्थान पर तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए एक व्यक्ति के समीप से खतरनाक ढंग से वाहन मोड़ने की सूचना प्राप्त हुई प्रार्थी ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह चाय दुकान के पास खड़ा था तभी वाहन चालक तेज गति एवं लापरवाही से वाहन चलाते हुए पीछे से कट मारा इस से गंभीर दुर्घटना की आशंका उत्पन्न हुई सूचना पर पेट्रोलिंग एवं चेकिंग टीम द्वारा तत्काल वाहन को रोककर चालक से पूछताछ की गई पूछताछ में अपना नाम स्वपनील कोठारी (21 साल ) निवासी दयानगर रिसाली थाना नेवई बताया सार्वजनिक सुरक्षा के लिए जोखिमपूर्ण मानते हुए आरोपी के विरुद्ध धारा 281 बीएनएस, धारा 184 मोटर व्हीकल एक्ट तथा मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 126, 130, 177 एवं प्रतिबंधात्मक कार्रवाई अंतर्गत धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई ।

### ग्राम पंचायत सांकरा में हर्षोल्लास के साथ होली मिलन समारोह आयोजित



**उतई,3 मार्च (तछसं.)।** जनपद पंचायत पाटन अंतर्गत ग्राम पंचायत सांकरा में पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा पंचायत भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। समारोह में ग्राम पंचायत के युवा सरपंच रवि सिंगौर ने उपस्थित पंचगणों को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं । उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी कामता प्रसाद सिंगौर द्वारा साझा की ।

### धनोरा में नारियल नींबू व पुराने कपड़ों की होली जलाई

**उतई,3 मार्च (तछसं.)।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग मे हर साल की भांति इस वर्ष भी भक्त गण दरबार के आगे इकठ्ठा होकर बघुवा के मुरती पर जाकर पुजा पाठ कर चाल रंग चुनरी गुलाल कपरी पान मिश्री नींबु चढ़ हाकर सभी भक्तों एवं ग्रामीण के खुशहाली के लिए प्रार्थना करते हैं फिर वहां पर जितने भी लोग मौजूद रहते हैं वे लोग बघुवा के पेट भीतर से एक एक पार होते हैं और अपने अपने घरों के सारे परेशानी एवं मनोकामना पूरी के लिए प्रार्थना करते हैं फिर नाला के पास से दरबार के सामने नारियल नींबु पुराना कपड़ा भेलवा से नंद पंडा द्वारा चकमक पत्थर के चिंगारी से होलिका दहन मे आग लगाकर फिर एक दुसरे के उपर से नारियल नींबु पुराना कपड़ा भेलवा उतार कर होली मे डाला गया इस तरह से करने से सारे परेशानी दूर होते है और मनोकामना पूरी होती है आगे दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी ने बताया कि गुलाब साहू जी के मंडली द्वारा होलिका के पास फाग गीत गाया गया जिसे सुनकर सभी लोग नाचने झुमने लगगे और एक दुसरे को गुलाल रंग डालकर होली के बधाई देकर अपने अपने घरों को लौट गए इस कार्यक्रम में हर जिले से लोग आते हैं जैसे कि नगरी सिहावा धमतरी बालोद राजनांदगांव रायपुर बेमेतरा बिलासपुर छुरिया मानपुर अंबागढ़ चौकी हर साल होलिका दहन मे आते हैं इस दौरान मुख्य रूप से शामिल रहे दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी विनोद साहू जी राजू यादव मनसुखा साहू मनोज पटेल रोमनाथ साहू बबलू गज्जू रायपुरीहा जीवराखन ठेकेदार बाबू लाल साहू दिनेश साहू मारियल साहू वासुदेव स्प्रे दिनेश यादव रामु यादव ओमकार साहू टीकम गुमान साहू चंद्र कांत देवांगन एमलाल देवांगन कल्याण देवांगन ललित साहू भोलू खिलेशवर साहू सुंदर सपरे उपसरपंच श्रीमती संगीता सपरे आदि भक्त गण बड़ी संख्या में मौजूद रहे ।

## एक नजर

### असिस्टेंट प्रोफेसर से 2 लाख की ठगी

**भिलाई, 3 मार्च (तछसं.)।** जिले में आईआईटी के असिस्टेंट प्रोफेसर से करीब पौने 2 लाख रुपए की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। प्रकरण में आरोपी ने कस्टमर केयर प्रतिनिधि बनकर कॉल किया और ऑनलाइन ट्रांजेक्शन में आने वाली समस्या को दूर करने एक लिंक भेज दिया। उस पर डिटेल भरते ही प्रोफेसर के कार्ड से 1.79 लाख रुपए से ज्यादा की रकम निकल गई। घटना के करीब दो महीने बाद पुलिस धारा 318 (4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है मामले में बीटा बिल्डिंग, आईआईटी निवास निवासी डॉ. अविजित साहा (37 साल ) ने रिपोर्ट दर्ज कराई प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि वह आईआईटी भिलाई में असिस्टेंट प्रोफेसर है। घटना से लगभग एक महीने पहले उसके क्रेडिट कार्ड में ऑनलाइन लेन-देन में दिक्कत आ रही थी। इस पर बैंक के कस्टमर केयर नंबर से संपर्क करने के बारे में सोच ही रहा था। इसके बाद 31 दिसंबर 2025 को खुद को बैंक का प्रतिनिधि बताने वाले कॉल किया। कॉलर को वास्तविक समझकर उस पर विश्वास कर लिया। उसे पहले आई समस्या के बारे में बताया तो उसने एक लिंक भेज दिया, जो बैंक की आधिकारिक वेबसाइट के समान प्रतीत हो रहा था। उसने लिंक पर लॉग-इन कर अपने कार्ड का विवरण दर्ज करने के लिए कहा। कार्ड का विवरण भरते ही कार्ड से 1 लाख 78 हजार 910 रुपए का ट्रांजेक्शन हो गया। जानकारी होने पर उसने तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। इधर पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करने की अपील की है ।

### अवैध शराब बेचने के मामले में 7 गिरफ्तार



**भिलाई, 3 मार्च (तछसं.)।** दुर्ग पुलिस ने अवैध शराब कारोबार में 7 आरोपियों को पकड़कर उनके पास से 188 पौवा शराब बरामद की है। ग्रामीण एएसपी मणिशंकर चन्द्रा ने बताया कि अवैध नशे के कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए 1 मार्च को जिले के समस्त थाना/चौकी क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अवैध रूप से शराब का संग्रहण एवं विक्रय करते पाए गए कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया इन के कब्जे से लगभग 188 पौवा अवैध देशी शराब, कुल अनुमानित कीमत लगभग 17,000 जब्त की गई। आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई।

### दो दिन में 121 जेल भेजे गए



**भिलाई, 3 मार्च (तछसं.)।** होली पर्व के मद्देनजर दुर्ग पुलिस ने दो दिनों में कुल 121 आदतन आरोपियों को जेल दिया है पुलिस प्रवत मणिशंकर चन्द्रा ने बताया कि असामाजिक तत्वों, धारदार हथियार रखने वालों एवं पूर्व में आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आदतन आरोपियों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है इस हेतु मुखबीर तंत्र सक्रिय किया गया है तथा संवेदनशील क्षेत्रों में सतत पेट्रोलिंग की जा रही है इसी क्रम में अशांति फैलाने एवं आपराधिक घटना घटित करने की आशंका पर 97 आदतन आरोपियों के विरुद्ध धारा 170 बीएनएसएस के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई पूर्व में 24 आदतन आरोपियों के विरुद्ध भी धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई इस प्रकार कुल 121 आरोपियों के विरुद्ध कार्वाई की गई ।

### बीएमडीसी में एंटरप्राइज रिस्क मैनेजमेंट पर दो-दिवसीय कार्यक्रम आयोजित

**भिलाई, 4 मार्च।** भिलाई स्टील प्लांट के एचआर-एल एंड डी विभाग द्वारा बीएमडीसी में 26-27 फरवरी को एंटरप्राइज रिस्क मैनेजमेंट सुदृढ़ीकरण विषय पर दो-दिवसीय प्रबंधन विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट रायपुर के सहयोग से सम्पन्न हुआ, जिसमें सेल की विभिन्न इकाइयों से 23 वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। उद्घाटन सत्र में कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने कहा कि सतत विकास और रणनीतिक स्थिरता के लिए सुदृढ़ जोखिम प्रबंधन प्रणाली आवश्यक है। सेल कॉर्पोरेट के मुख्य जोखिम अधिकारी डॉ. गीता शर्मा ने ईआरएम को सुशासन और दीर्घकालिक रणनीति से जोड़ने पर बल दिया। तकनीकी सत्रों में जोखिम पहचान, सेबी एलओडीआर विनियम, कंपनी अधिनियम, पर विस्तार से चर्चा हुई।

# होली पर्व को देखते हुए पुलिस ने किया जिला स्तरीय फ्लैग मार्च

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,3 मार्च।** पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह (भा.पु.से.) महोदय के मार्गदर्शन में, अति. पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र बघेल एवं श्री अमित पटेल के निर्देशन में जिले के समस्त थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में दिनांक 01/03/2026 को कबीरधाम जिले के समस्त थाना एवं चौकी क्षेत्रों में आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से व्यापक फ्लैग मार्च निकाला गया।फ्लैग मार्च के दौरान कबीरधाम पुलिस के जवान पूरी मुस्तैदी के साथ बाजार चौक-चौराहों, प्रमुख मार्गों, संवेदनशील क्षेत्रों एवं भीड़भाड़ वाले इलाकों में पैदल मार्च करते हुए नजर आए। पुलिस बल की सशक्त मौजूदगी से आम नागरिकों में सुरक्षा का भाव उत्पन्न हुआ तथा असामाजिक तत्वों एवं अपराधी प्रवृत्ति के लोगों में स्पष्ट संदेश गया कि जिले में कानून का राज है और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

आगामी होली त्योहार को ध्यान में रखते हुए जिले के प्रत्येक थाना एवं चौकी में अतिरिक्त बल की तैनाती की गई है। साथ ही प्रत्येक थाना क्षेत्र में 2-2 अतिरिक्त पेट्रोलिंग वाहन भी तैनात किए गए हैं, ताकि संवेदनशील इलाकों, बाजारों एवं प्रमुख मार्गों पर लगातार गश्त कर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।पुलिस द्वारा सार्वजनिक रूप से यह संदेश दिया गया कि होली के नाम पर हुड़दंग, जबरन रंग लगाना, छेड़छाड़, मारपीट, लड़ाई-झगड़ा, वाद-विवाद, गाली-गलौज, तीन सवारी चलाना, तेज व बेतरतीब वाहन चलाना तथा शराब पीकर या नशे की हालत में वाहन चलाना करने वालों को किसी भी हाल में छोड़ा नहीं जाएगा। ऐसे व्यक्तियों की पहचान कर मौके पर ही वैधानिक कार्यवाही की जाएगी तथा आवश्यक होने पर गिरफ्तारी भी की जाएगी।अपराधी किस्म के तत्वों एवं असामाजिक तत्वों को स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी गई कि त्योहार के दौरान यदि किसी भी प्रकार से शांति भंग करने, डर का माहौल बनाने या कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास किया गया तो उनके विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी। कबीरधाम पुलिस द्वारा जिले में लगातार पेट्रोलिंग, संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी, नाकाबंदी एवं चेकिंग पॉइंट लगाए गए हैं।लकबीरधाम पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि वे होली का पर्व शांति, भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, अपराधी गतिविधि या शांति भंग करने वाले तत्व की सूचना तत्काल संबंधित थाना/चौकी अथवा डायल 112 पर दें। कबीरधाम पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए पूरी तरह मुस्तैद है।



### कोहका में होलिका दहन व मिलन समारोह आयोजित

**भिलाई, 4 मार्च।** चंद्र नगर कोहका में होलिका दहन एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। भाजपा नेता शारदा गुप्ता ने कहा कि होली का पर्व हमें अच्छाई की जीत और बुराई के नाश का संदेश देता है। यह त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द को बढ़ाने का प्रतीक है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि होली के रंगों में रंग कर अपने जीवन को खुशियों और सकारात्मकता से भरें। इस अवसर पर संतोष सोनी, यश दुलानी, सत्यनारायण, अजय प्रसाद, रेखा ब्रम्हे, राजकुमार ब्रम्हे, सुनीता राणे, गीता चौधरी, नीलम भारती, सुधा शिवकुमारी प्रजापति, अनीता सिंह, यशोदा मिश्रा, नीलम देवी, प्रभावती, कोमल दुलानी, लीलावती वर्मा, शोभा चौरे, रेखा देवी, चमेली देवी सहित सैकड़ों प्रमुख कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

### एपेक्स अवार्ड से 19 टीम सम्मानित



**भिलाई, 4 मार्च।** भिलाई स्टील प्लांट के इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा महात्मा गांधी कला मंदिर में भिलाई स्टील सुझाव योजना अंतर्गत एपेक्स पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र थे। वर्ष 2024-25 में संयंत्र से 3,850 सुझाव प्राप्त हुए, जिनमें से 16 टीमों को विभिन्न श्रेणियों में एपेक्स अवार्ड से सम्मानित किया गया। श्रेणी-1 के अंतर्गत डॉ. बी.आर. आंबेडकर पुरस्कार एसएमएस-3 एवं आईडब्ल्यू विभाग की टीम को इन-हाउस ब्लूम वेइंग सिस्टम के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रतिस्पर्धी दौर में निरंतर सुधार और नवाचार ही संगठन की दीर्घकालिक सफलता का आधार है।

# छत्तीसगढ़ की कलाकार नेहा ने इंग्लैंड में लहराया परचम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 4 मार्च।** छत्तीसगढ़ की सरजमीं से निकलकर यूनाइटेड किंगडम (इंग्लैंड) में अपनी कला का जौहर दिखा रहीं युवा कलाकार नेहा देवांगन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन कर रही हैं। भिलाई एवं नागपुर विश्वविद्यालय से कला शिक्षा प्राप्त करने वाली नेहा ने मुंबई की प्रतिष्ठित जहांगीर आर्ट गैलरी के इतिहास में एक साथ दो पुरस्कार जीतकर नई उपलब्धि हासिल की है। वर्तमान में वे यूनिवर्सिटी ऑफ़ ईस्ट



लंदन के दृश्यकला संकाय में अध्ययनरत हैं, जहां उन्होंने कला के श्रेष्ठतम प्रदर्शन से विशिष्ट पहचान बनाई है। उनकी उपलब्धि पर ललित कला अकादमी के एक्जीक्यूटिव बोर्ड मेंबर डॉ. अंकुश देवांगन, प्रख्यात आधुनिक कला चित्रकार डी.एस. विद्यार्थी, बी.एल. सोनी, सुप्रसिद्ध मूर्तिकार मोहन बराल, मीना देवांगन, रंगकर्मी प्रवीण कालमेघ, विजय शर्मा, साहित्यकार मेनका वर्मा तथा छत्तीसगढ़ के कला जगत से जुड़े अनेक कलाकारों ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। चित्रकार एवं कला समीक्षक डी.एस. विद्यार्थी ने कहा कि नेहा देवांगन की कला केवल भावनात्मक अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि एक गूढ़ विश्लेषणात्मक प्रक्रिया है। उनकी कृतियों में तनाव, प्रतिरोध, मनोवैज्ञानिक द्वंद्व और मुक्तिक्रम एक साथ उपस्थित रहते हैं। समकालीन कला जगत की अनिश्चितताओं के बीच उनकी कला जटिलता और संतुलन के साथ पुनर्निर्माण की संभावनाएं तलाशती है। स्वयं नेहा देवांगन का कहना है कि वे अमूर्तन के माध्यम से मन और ऊर्जा की खोज कर रही हैं। उनकी पेंटिंग्स में त्रिकोण संतुलन और पूर्णता की तलाश दिखाई देती है, हालांकि वे मानती हैं कि सच्ची पूर्णता कभी पूर्ण नहीं होती।

# बीएसपीएल सीजन-3 क्रिकेट टूर्नामेंट 9 से



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 4 मार्च।** बीएसपीएल सीजन-3 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ 9 मार्च से होने जा रहा है। इस टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में कुल 14 फ्रेंचाइजी टीमें हिस्सा ले रही हैं। इनमें बीएसपी, राइट्स और सीआईएसएफ के लगभग 220 कर्मचारी खिलाड़ी के रूप में भाग ले रहे हैं। उद्घाटन समारोह में मुख्य संरक्षक के रूप में दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल की उपस्थिति रहेगी। बीएसपीएल वर्किंग कमेटी के सदस्य रवि सिंह, शारदा गुप्ता, विनोद उपाध्याय, वशिष्ठ वर्मा, वेगी अविनाश, उषाकर चौधरी, गौरव कुमार, रवि, वेंकटेश, प्रेम, सीमांचल बेहरा, कृष्णा मूर्ति एवं संतोष द्वारा टूर्नामेंट की टी-शर्ट का उद्घाटन सांसद विजय बघेल के हाथों कराया गया।



### निगम प्रशासन ने 3 कर्मचारियों को दी विदाई

**भिलाई, 4 मार्च (तछसं.)।** नगर पालिक निगम भिलाई में सेवानिवृत्त होने वाले तीन कर्मचारियों को मुख्य कार्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विदाई दी गई। समारोह में कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, शॉल एवं श्रीफल भेंट कर उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की गई। निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में अपर आयुक्त राजेन्द्र कुमार दोहरे एवं उपायुक्त डी.के. कोसरिया की उपस्थिति में समयपाल/कार्य सहायक ग्रेड-2 सुरेन्द्र कुमार सोनबोईर, वार्ड प्यून बल्लूराम साहू तथा सफाई कामगार प्रेमिन बाई को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि वरिष्ठ कर्मचारियों के अनुभव और समन्वय से ही संगठन मजबूत होता है तथा कठिन से कठिन कार्य भी सरलता से संपन्न किए जा सकते हैं। विदाई कार्यक्रम में शशिभूषण मोहंती, नवीन कुमार साहू, शालिनी गुरव, देवेन्द्र वर्मा, पुरुषोत्तम साहू, रोहित बंजारे, हेमचंद बंजारे सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्त कर्मचारियों और महिला समूहों को जारी किए 1.04 करोड़ रुपये

**भिलाई, 4 मार्च।** नगर पालिक निगम भिलाई ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के अवकाश नगदीकरण एवं वूमेन फॉर ट्री अभियान के अंतर्गत कार्यरत महिला स्व-सहायता समूहों के मानदेय भुगतान हेतु कुल 1 करोड़ 4 लाख रुपये की राशि जारी की है। यह निर्णय आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के नेतृत्व में लिया गया। आयुक्त के निर्देशानुसार जनवरी 2025 से जनवरी 2026 के बीच सेवानिवृत्त हुए 41 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को अवकाश नगदीकरण के रूप में कुल 84 लाख रुपये का भुगतान किया गया। लंबे समय से लंबित इस राशि के भुगतान से पूर्व कर्मचारियों को आर्थिक राहत मिली है। वहीं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित वूमेन फॉर ट्री अभियान के तहत कार्यरत महिला समूहों को भी नवंबर और दिसंबर माह का 20 लाख रुपये मानदेय जारी किया गया। आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने कहा कि निगम प्रशासन अपने सेवानिवृत्त कर्मचारियों की सेवाओं का सम्मान करता है ।

### राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज की प्रदेश स्तरीय बैठक संपन्न

**भिलाई, 4 मार्च।** राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज प्रदेश संगठन की बैठक प्रदेश कार्यालय में आयोजित हुई। शुभारंभ भगवान परशुराम के तेलचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। बैठक में संगठनात्मक रूप से जिला इकाइयों को मजबूत करने पर विशेष चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि छत्तीसगढ़ में निवासरत ब्राह्मण बंधुओं को संगठन से जोड़ने हेतु घर-घर जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा।

## एक नजर

### भारतीय वायुसेना अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 10 मार्च तक

**बलौदाबाजार,3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय वायुसेना अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 10 मार्च 2026 तक निर्धारित की गई है।जिला रोजगार एवं स्वरोजगार से प्राप्त जानकारी अनुसार भारतीय वायुसेना में अग्निवीर भर्ती हेतु ऐसे आवेदक जिनका जन्म 02 जुलाई 2007 से 02 जनवरी 2009 आयु 17 से 22 वर्ष के मध्य हुआ हो, वे ऑनलाईन पंजीयन हेतु पात्र होगे। आवेदक किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था अथवा बोर्ड से गणित, भौतिक एवं अंग्रेजी विषयों के साथ 50 प्रतिशत एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंकों के उत्तीर्ण अथवा इंजीनियरिंग में 3 वर्ष का डिप्लोमा 50 प्रतिशत अंको के साथ ही अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंक हो अथवा किसी भी विषय में 12वी 50 प्रतिशत अंकों के साथ एवं अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए। वायुसेना में अग्निवीर भर्ती के लिए केवल अविवाहित महिला एवं पुरूष आवेदक ही पात्र होंगे। विस्तृत जानकारी एवं ऑनलाईन पंजीयन हेतु वेबसाइट एचटीटीपीएस डबल स्लेस आईएएफरिक्रूटमेंट डॉट ईडीसीआईएल डॉट को डॉट इन पर लॉगिन कर सकते है। अधिक जानकारी हेतु के लिए सार्जेंट राजेश कुमार दूरभाष नम्बर 9304643244 तथा जिला रोजगार एवं स्वरोजगार कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

### जुआ खेलते हुए 6 गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 3 मार्च।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं को त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी प्रकार की भी सूचना, शिकायत अथवा अपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी क्रम में समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर आज दिनांक 01.03.2026 को थाना पलारी की पुलिस टीम द्वारा दतान रोड खेत पलारी में जुआ खेलते हुए 06 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी जुआरियों से नगदी रकम ?45,250 एवं 52 पत्ती ताश जप्त किया गया है। साथ ही आरोपियों से 03 बाइक, एक कार एवं 05 नग मोबाइल भी जप्त किया गया है। संपूर्ण प्रकरण में पुलिस टीम द्वारा आरोपी जुआरियों से कुल ?5,57,250 कीमत मूल्य का समान बरामद किया गया है आरोपी जुआरियों के विरूद्ध थाना पलारी में छ.ग. जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया है।

### सूने मकान में चोरी करने के आरोप में दो को किया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रार्थिया कलाबाई डहरिया निवासी ग्राम कानाकोट द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 12.02.2026 को कुछ दिनों के लिए प्रार्थीया अपने परिवार सहित ग्राम रसौटा आई थी। उसके बाद दिनांक 16.02.2026 को वापस अपने घर ग्राम कानाकोट आई , तब देखी कि उसके घर के सामने लगा ?3000 कीमत मूल्य का 02 नग सीसीटीवी कैमरा नहीं था, जिसे किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया था। कि रिपोर्ट पर थाना पलारी में अपराध क्र. 90/2026 धारा 303(2),3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कि प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना पलारी पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना करते हुए आरोपी सूरज मारकंडे एवं जेठूराम भारती को हिरासत में लिया गया जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा प्रार्थिया के मकान को सूना पाकर उसके घर के सामने लगे सीसीटीवी कैमरा को चोरी करना स्वीकार किया गया है। कि प्रकरण में दोनों आरोपियों को आज दिनांक 02.03.2026 को, विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### छुरिया विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में विकास कार्यों के लिए 17 लाख 20 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति

**राजनांदगांव 03 मार्च ।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत छुरिया विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में विकास कार्यों के लिए 17 लाख 20 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत टिपानगढ़ में शेड निर्माण कार्य के लिए 5 लाख रूपए, ग्राम कल्लूबंजारी में रंग मंच निर्माण के लिए 5 लाख रूपए, ग्राम मेटेपार में रंग मंच निर्माण के लिए 2 लाख रूपए, ग्राम टिपानगढ़ में सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख 20 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। सीईओ जिला पंचायत ने निर्माण एजेंसियों को समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए है।

# बोर्ड ऑफ विजिटर के सदस्यों ने किया जिला जेल का निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 3 मार्च।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अब्दुल जाहिद कुरैशी की अध्यक्षता में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला जेल विजिटर्स बोर्ड के सदस्यों ने आज संयुक्त रूप से जिला जेल का निरीक्षण किया। निरीक्षण में जेल के अंदर जातिगत भेदभाव की प्रथा नही होना पाया गया है। जेल के समस्त बैरकों में जाकर उपस्थित बंदियों एवं जेल के कर्मचारी एवं अधिकारियों से चर्चा की गई तथा भोजन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य परीक्षण एवं समय-समय पर चिकित्सा प्राप्त होने के संबंध में पूछा गया जो जेल नियमावली के अनुसार उचित होना पाया गया। बंदियों को विधिक सहायता के लिये जेल में लीगल एड क्लिनिक की स्थापना प्राधिकरण के द्वारा की गई है। लीगल एड डिफेंस कौंसिल के सदस्य, पेनल अधिवक्ता, पैरालीगल वालंटियर नियमित रूप से जेल विजिट कर बंदियों से मुलाकात कर उनके प्रकरणों की जानकारी प्रदान की जा रही है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार के द्वारा समय-समय पर जिला जेल बलौदाबाजार में विधिक सेवा साक्षरता का आयोजन किया जा रहा है। जेल में बंदियों को विधिक सहायता प्राप्त हो सके, इसलिए प्रत्येक बुधवार जेल समीक्षा की जाती है। बंदियों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए ''आर्ट ऑफलिविंग'' का कोर्स बंदियों को जेल में कराया जा रहा है, जिससे बंदी अपने आप में बदलाव महसूस कर रहे हैं। बंदियों को साक्षर बनाने के लिए अभियान भी चलाया जा रहा है। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अमिता जायसवाल, अपर कलेक्टर दीप्ति गौते,उप पुलिस अधीक्षक अपूर्वा सिंह, सीएमएचओ डॉ राजेश कुमार अवस्थी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

संयुक्त पुलिस टीम की बड़ी सफलता

# महिलाओं को लिफ्ट देने के बहाने सूनी जगह ले जाकर लूटने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**बलौदाबाजार 3 मार्च।** प्रार्थिया खेमेश्वरी वर्मा उम्र 50 साल निवासी ग्राम बुडगहन द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 07.02.2026 के दोपहर 12:00 बजे एक बाइक सवार व्यक्ति से लिफ्ट मांगकर वह अपने मायके से ग्राम बुडगहन आ रही थी। इस दौरान बाईक चालक अपने मुंह में मास्क (स्कार्फ) लपेटा हुआ था। इस दौरान मोटरसाइकिल चालक द्वारा ग्राम भटभेरा के पहले नर्सरी में ले जाकर डरा, धमकाकर प्रार्थिया के पहने हुए सोने चांदी के गहने एवं नगदी रकम आदि लूट कर फरार हो गया। कि रिपोर्ट पर थाना सुहेला में अपराध क्र. 25/2026 धारा 309(4) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस घटना के आसपास पिछले कुछ दिनों में भी सिमगा से हथबंद, सुहेला सड़क मार्ग के मध्य ठीक इसी प्रकार लिफ्ट देकर महिलाओं से लूट करने की 03 अन्य घटनाओं के संबंध में भी पता चला।

घटना के संबंध में जांच एवं आरोपी की पतासाजी- पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा लूट की घटना कारित करने वाले आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करने हेतु थाना सुहेला, थाना हथबंद एवं साइबर सेल की संयुक्त पुलिस टीम का निर्माण कर, उन्हें उचित दिशा निर्देश दिया गया। उक्त निर्देशों के परिपालन में संयुक्त टीम द्वारा सिमगा-हथबंद एवं सुहेला सड़क मार्ग में लगे सीसीटीवी फुटेज का गहन अवलोकन किया गया। इसके साथ ही साइबर सेल की टेक्निकल टीम द्वारा भी घटनास्थल के आसपास तकनीकी विश्लेषण किया गया, जिसके आधार पर संदेही आरोपी मनोज जोशी को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा प्रार्थिया के साथ लूट की घटना करना स्वीकार किया गया।

पुलिस टीम की पूछताछ एवं आरोपी द्वारा वारदात- पुलिस टीम द्वारा आरोपी से मनोवैज्ञानिक रूप से विस्तृत पूछताछ किया गया, जिसके आधार पर पता चला कि इस घटना के अलावा आरोपी द्वारा थाना हथबंद क्षेत्र में भी ठीक इसी पैटर्न में तीन अन्य महिलाओं को भी लिफ्ट देने के बहाने सुने स्थान पर ले जाकर डराते धमकाते हुए सोने चांदी के जेवर एवं नगदी रकम लूटने की घटनाएं की है, जिस पर थाना हथबंद में पृथक से 03 अन्य आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है।

शातिर आरोपी का पूर्व अपराधिक रिकार्ड- आरोपी द्वारा लूट की घटनाओं में जिस मोटरसाइकिल का इस्तेमाल किया गया था, वह भी चोरी की है, जिसे आरोपी द्वारा जिला दुर्ग से चोरी किया गया था। जांच क्रम में पुलिस टीम को आरोपी के संबंध में यह भी पता चला कि आरोपी घुमक्कड़ प्रवृत्ति का है। हमेशा अपना पता ठिकाना बदलकर चोरी एवं लूट की घटनाओं को अंजाम देता है। आरोपी का मूल निवास तो ग्राम कुकराचुंदा है लेकिन पिछले 7-8 सालों से वह भिलाई जिला दुर्ग में निवास कर रहा है। आरोपी के विरुद्ध जिला दुर्ग में चोरी के कुल 05 अपराधिक प्रकरण भी दर्ज होना पाया गया है।

वारदात का तरीका- अपराधी बहुत ही शातिर किस्म का है। अपराध करने के दौरान वह मुंह में मास्क (स्कार्फ) लगाए रहता था तथा सड़क मार्ग में बस अथवा सवारी गाड़ी का इंतजार करते हुए अकेली महिलाओं की खोज करता रहता था, फिर उन महिलाओं को उनकी मदद करने के बहाने उनके गंतव्य तक पहुंचाने की बात कहते हुए उन्हें लिफ्ट देता था तथा सुनसान रास्ते पर ले जाकर उन्हें डराते धमकाते हुए उनके सोने चांदी के जेवर एवं नगदी आदि लेकर फरार हो जाता था। संयुक्त पुलिस टीम द्वारा इस दौरान सिमगा, हथबंद एवं सुहेला सड़क मार्ग में लगे सैकड़ो सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया गया। सडक मार्ग में स्थित दुकानों एवं ढाबा संचालकों से भी विस्तृत पूछताछ किया गया, जिसके आधार पर शातिर आरोपी की पहचान हुई।

आरोपी से जप्त सामान- प्रकरण में पुलिस टीम द्वारा आरोपी से 1,50,000 कीमत मूल्य का सोने चांदी के जेवर एवं नगदी रकम 78,000, एक मोटरसाइकिल, 03 नग मोबाइल एवं लोगों को डराने धमकाने में इस्तेमाल एक पेंचिश जप्त किया गया है। पुलिस टीम को आरोपी से लगभग ?3,00,000 कीमत मूल्य का सामान बरामद करने में सफलता मिली है। कि प्रकरण में आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

आरोपी- मनोज जोशी उम्र 41 वर्ष निवासी ग्राम कुकराचुंदा थाना हथबंद अस्थाई निवासी सेक्टर 6 ए मार्केट सड़क नंबर 46 भिलाई नगर थाना सुपेला जिला दुर्ग।

# होली पर्व पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने किए गए व्यापक सुरक्षा प्रबंध

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार 3 मार्च।** इस वर्ष दिनांक 02.03.2026 को होलिका दहन एवं 04.03.2026 को रंग गुलाल होली का पर्व मनाया जाएगा। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु व्यापक स्तर पर सुरक्षा प्रबंध आदेशित किया गया है, जिसके तहत संपूर्ण जिले को 03 अनुविभाग में विभाजित किया गया है। जिसमें बलौदाबाजार सेक्टर में सुश्री अपूर्वा क्षत्रिय एसडीओपी बलौदाबाजार के निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली, पलारी, लवन एवं चौकी करहीबाजार क्षेत्र अंतर्गत थाना एवं चौकी प्रभारी के साथ पुलिस बल के माध्यम से सुरक्षा प्रबंध किया जा रहा है। भाटापारा अनुविभाग की कमान श्री तारेश साहू एसडीओपी भाटापारा के हाथों में है, उनके निर्देशन में थाना भाटापारा शहर, भाटापारा ग्रामीण, सिमगा, सुहेला क्षेत्र में संबंधित थाना प्रभारियों के माध्यम से आवश्यक सुरक्षा प्रबंध हेतु लगातार कार्यवाही संपादित किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना कसडोल, राजादेवरी, गिधपुरी, गिधौरी, चौकी गिरौदपुरी, बया, सोनाखान थाना/चौकी क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का दायित्व श्री कौशल किशोर वासनिक उप पुलिस अधीक्षक कैम्प कसडोल के कंधों पर है, उनके निर्देशन में संबंधित थाना एवं चौकी प्रभारियों के साथ पुलिस बल द्वारा आवश्यक सुरक्षा प्रबंध किया जा रहा है। साथ ही पूरे जिले में होली पर्व के दौरान अत्यंत तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वाले, दोपहिया वाहन में तीन सवारी, शराब पीकर वाहन चलाने एवं हुडदंग मचाने वाले व्यक्तियों की चेकिंग कर धरपकड़ के लिए श्री संजय साहू उप पुलिस अधीक्षक यातायात के निर्देशन में 06 महत्वपूर्ण स्थान में नाकाबंदी चेकिंग पॉइंट लगाया गया है। इसके अतिरिक्त संपूर्ण जिले में पुलिस की 22 चारपहिया वाहन पेट्रोलिंग पार्टियों का निर्माण किया गया है, जिनके माध्यम से आज सायं 04.00 बजे से ही क्षेत्र अंतर्गत लगातार पेट्रोलिंग कर सुरक्षा प्रबंध किया जा रहा है। होली पर्व में शहर एवं नगर के अंदरूनी इलाकों, गलियों एवं बस्तियों में भी सतत् निगरानी रखने एवं सुरक्षा प्रबंध हेतु 38 बाईक पार्टी का निर्माण किया गया है। बाईक पार्टी द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्र की अंदरूनी गलियों, चौक चौराहों में भी लगातार बाइक पेट्रोलिंग का समुचित सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित की जावेगी।

जिले में आवश्यक सुरक्षा प्रबंध बनाए रखने एवं लगातार चेकिंग अभियान हेतु 18 महत्वपूर्ण स्थानों का चिन्हांकन कर फिक्स पिकेट्स के रूप में पुलिस बल लगाया गया है। इस दौरान संपूर्ण जिले में होली पर्व के दौरान शांति व्यवस्था एवं समुचित यातायात व्यवस्था हेतु कुल 400 का पुलिस बल विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों में लगाया गया है। होली पर्व के पूर्व पुलिस बल द्वारा जिले के समस्त थाना एवं चौकी में शांति समिति की बैठक भी आयोजित की गई है।

संयुक्त जिला कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित

# संवाद और समन्वय से विकास कार्य को गति और योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाया जाएगा : कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार, 3 मार्च।** जिले के नये कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा ने सोमवार को संयुक्त जिला कार्यालय में प्रेस वार्ता ली। उन्होंने जिले में कलेक्टर के रूप में पदस्थ होने पर गर्व होने की बात कही तथा संवाद और समन्वय से जिले में विकास को गति देने व योजनाओं का लाभ हर पात्र हितग्राही तक पहुंचाने पर जोर दिया।

कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि बलौदाबाजार -भाटापारा जिला धार्मिक,सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहर से परिपूर्ण होने के साथ ही कृषि एवं औद्योगिक क्षेत्र में भी अग्रणी है। पर्यटन की भी बहुत अच्छी संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि जिले में क़ानून- व्यवस्था के साथ ही शांति और सौहार्द्र बनाए रखने में सबका सहयोग जरुरी है। अधोसंरचना विकास के साथ ही विभिन्न योजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है।कृषि एवं उद्योगों में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य के इण्डिकेटर में बेहतर कार्य से राज्य में अग्रणी जिला बनाने का प्रयास होगा।कलेक्टर ने कहा कि लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण के लिये पूर्व की भांति जनदर्शन कार्यक्रम में लोगों की समस्या सुनी जाएगी। इसके साथ ही समय -समय पर कार्यालय में भी मुलाक़ात कर सकते हैं।इस दौरान पत्रकारों द्वारा उठाए गए समस्याओं एवं सुझाओं को गंभीरता से लेते हुए जांच उपरांत कार्यवाही करने का आश्वासन दिये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते एसडीएम प्रकाश कोरी सहित बड़ी संख्या में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## बिहान से जुड़कर वंदनी स्व सहायता समूह की महिलाएं बन रही हैं आत्मनिर्भर



■ हर्बल गुलाल की खुशबू से महकेगा बलौदाबाजार-भाटापारा जिला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार भाटापारा, 3 मार्च।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की ग्रामीण महिलाएं अब सशक्तिकरण की नई मिसाल पेश कर रही हैं। इसी कड़ी में बलौदाबाजार भाटापारा जिले के ग्राम धमनी की 'वंदनी स्व सहायता समूह' की 11 महिलाएं हर्बल गुलाल के निर्माण से अपनी तकदीर बदल रही हैं। 'बिहान' योजना के मार्गदर्शन में समूह की दीदियां प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग कर शुद्ध हर्बल गुलाल तैयार कर रही हैं, जिसे बाजारों में स्टॉल लगाकर बेचा जा रहा है।

समूह की महिलाओं का कहना है कि पहले वे केवल घर के कामों तक सीमित थीं, लेकिन राज्य सरकार की मदद और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) योजना से जुड़ने के बाद उन्हें एक नई पहचान मिली है। बाजार में उनके द्वारा बनाए गए गुलाल की भारी मांग है, जिससे होने वाली आय से न केवल उनकी आजीविका सुदृढ़ हो रही है, बल्कि वे आर्थिक रूप से पूरी तरह आत्मनिर्भर भी हो रही हैं। महिलाओं ने इस सकारात्मक बदलाव और अपने पैरों पर खड़े होने के अवसर के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की इन योजनाओं ने उनके जीवन में खुशहाली के नए रंग भर दिए हैं।

## अमानत में ख्यानत मामले में 1 आरोपी गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 3 मार्च।** को प्रार्थी राजेश शर्मा निवासी ग्राम छिराही द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 27.10.2025 को आरोपी चालक शिव प्रसाद को सीतापुर के रहने वाले इंतजार अहमद को कंपनी तरफ से देने हेतु ?1,00,000 लिफाफा में डालकर पूरा पता लिखकर दिया गया था। इसके साथ ही दिनांक 28.10.2025 को ट्रक क्र. छ्त04 क्छ 7800 में कुकरदीह सीमेंट प्लांट से 700 बोरी सीमेंट लोड कर आरोपी चालक शिव प्रसाद भारद्वाज के माध्यम से सरगुजा सीतापुर रवाना किया गया। आरोपी को उक्त माल अग्रवाल ब्रिक्स इंडस्ट्रीज सीतापुर में खाली करना था। आरोपी द्वारा उक्त माल को गंतव्य स्थान न पहुंचाकर बीच रास्ते में माल को अफरातफरी कर खाली ट्रक को सीतापुर से 10 किलोमीटर पहले छोड़कर भाग गया। सांथ ही इंतीजार अहमद के लिए दिए ?1,00,000 को न देकर रकम को गबन कर लिया गया। प्रार्थी द्वारा आरोपी ट्रक चालक से दिनांक 30.10.2025 को संपर्क करने पर आरोपी द्वारा ट्रक में लोड 700 बोरी सीमेंट को रास्ते में बेच देना तथा उसके द्वारा दिए गए ?1,00,000 को गबन करना बताकर, मोबाइल बंद कर दिया गया। कि रिपोर्ट पर थाना पलारी में अपराध क्र. 482/2025 धारा 316(2),3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कि प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशन निर्देशन में थाना पलारी पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना कार्यवाही करते हुए आरोपी शिव प्रसाद भारद्वाज को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा ट्रक में लोड माल को गंतव्य स्थान में ना ले जाकर बीच रास्ते में उतारकर उसे बेच देना तथा प्रार्थी द्वारा दिए गए रुपए को भी गबन करना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आरोपी को आज दिनांक 02.03.2026 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है।

## क्लीनिक में गांजा रखने वाला गिरफ्तार

**बलौदाबाजार ३ मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना पलारी पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों, अवैध महुआ शराब बनाने वाले, जुआ सट्टा एवं मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले अंवैधानिक तत्वों की धरपकड कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में मुखबिर सूचना पर दिनांक 01.03.2026 को थाना पलारी की पुलिस टीम द्वारा ग्राम छेरकाडीह जारा में अवैध रूप से संचालित क्लीनिक को सील करने के दौरान घेराबंदी कर अपने उस अवैध क्लीनिक में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखने वाले आरोपी जयंत कुमार साहू को पकड़ा गया है। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा पहले आरोपी तथा उसके अवैध रूप से संचालित क्लीनिक का सुक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया गया, जिसमें आरोपी से एक पुडिया में बंधा हुआ अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। तलाशी कार्रवाई पश्चात मिले गांजा का विधिवत तौल कार्यवाही कराया गया, जिसमें कुल 10.08 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया जिसे विधिवत जप्त किया गया है। कि प्रकरण में थाना पलारी में आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 93/2026 धारा 27 ख NDPS एक्ट, 20(बी)(1) NDPS एक्ट पंजीबद्ध कर, आरोपी को विधिवत गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष आरोपी को प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है।

## मेहनत और किस्मत से भारत सेमीफाइनल में

टी-20 के विश्वकप के सेमीफाइनल में भारत अपने खिलाडियों की मेहनत और किस्मत से पहुंच गया है। कुल मिलाकर भारत छठी बार सेमीफाइनल में पहुंचा है और लगातार यह तीसरी बार सेमीफाइनल में पहुंचा है।एशिया क्षेत्र की बड़ी टीमों पाकिस्तान व श्रीलंका से तुलना की जाए तो कहा जा सकता है कि दोनों टीमों से भारतीय टीम हर तरह से मजबूत है और इसी मजबूती व हर तरह के खेल का अनुभव होने के कारण भारत टीम सेमीफाइनल पहुंच गई है। श्रीलंका की तुलना में पाकिस्तान के पास सेमीफाइनल पहुंचने का मौका ज्यादा था लेकिन जिस तरह व जीतकर सेमीफाइनल में पहुंच सकता था, वैसा वह खेल नहीं पाया। उसने रन तो ज्यादा बनाए लेकिन उसके सेमीफाइनल पहुंचने के लिए जरूरी था कि वह श्रीलंका को 148 रन के भीतर आलआउट करे लेकिन पाक के गेंदबाज ऐसा नहीं कर सके। मैच का फैसला आखरी ओवर में हुआ। श्रीलंका के पूछल्ले बल्लेबाजों के धुआंधार खेलने के कारण एक वक्त तो ऐसा लग रहा था पाकिस्तान मैच हार जाएगा और श्रीलंका मैच जीत जाएगा। लेकिन आखिरी दो गेंद चालाकी से फेंके जाने के कारण पाकिस्तान पांच रन से ही मैच जीत सका लेकिन उसके सेमीफाइनल में पहुंचने का सपना पूरा नहीं हुआ। दक्षिण अफ्रीका से हारने के बाद भारत के सामने भी सेमीफाइनल में पहुंचन की चुनौती थी। उसके सेमीफाइनल पहुंचने की उम्मीद भी उसकी दो जीत के साथ ही वेस्टइंडीज के एक हार पर निर्भर थी।पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका से बुरी तरह हार जाने के कारण भारत का रनरेट माइनस में चला गया था। यानी सुपर आठ में भारत की शुरुआत ही बहुत बुरी हुई थी। इससे उसे जिम्बाब्वे से बड़े रन अंतर से जीतना जरूरी था यह काम तो उसके बस का था लेकिन जिम्बाब्वे ने जिस तरह कई मैचों में उलटफेर किए थे, उससे कुछ भी होने का डर भी था लेकिन जब मैच हुआ तो भारत के बल्लेबाजों ने दो सौ से ज्यादा रन बनाकर अपनी जीत ज्यादा बड़े अंतर से पक्की कर दी थी, बल्लेबाजों ने तो अपना काम कर दिया था इसके बाद गेंदबाजों का काम था कि वह जिम्बाब्वे को दो सौ रन के भीतर आउट करके दिखाते और सौभाग्य से ऐसा ही हुआ और भारत सुपर एट का अपना दूसरा मैच बड़े अंतर से जीतने में सफल रहा। इसके बाद भी भारत का सेमीफाइनल में पहुंचना आसान नहीं था। एक मैच वेस्टइंडीज का दक्षिण अफ्रीका से बचा था और एक मैच वेस्टइंडीज का भारत से बचा था। वेस्ट इंडीज अगर दक्षिण अफ्रीका को हरा देता तो भारत सेमीफाइनल नहीं पहुंचता क्योंकि उसका रन रेट कम था और वेस्टइंडीज का भारत से ज्यादा था। किस्मत भारत की बुलंद थी और दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइडींज को हरा दिया,इससे दो मैच में वेस्टइंडीज के दो अंक ही थे। आखिरी मुकाबला वेस्टइंडीज व भारत के बीच था।इसमें दोनों में से जो भी जीतता वही सेमीफाइनल पहुंचता। टॉस भारत ने जीता और वेस्टइंडीज को बैटिंग करने को कहा और रन चेस कर मैच जीतने का फैसला किया।शुरुआत में तो वेस्टइंडीज की बैटिंग धीमी रही। छह ओवर में ज्यादा रन नहीं बने थे लेकिन उसका एक भी विकेट नहीं गिरा था।उसका पहला विकेट 60 रन पर गिरा और जब चौथा विकेट गिरा तो 119 रन ही बने थे। इसके बाद आखिरी के ओवरो में होल्डर व पावेल ने धुआंधार बल्लेबाजी कर 20 ओवर में स्कोर 195 पहुंचा दिया। यह तो बड़ा स्कोर बन गया था शुरु में माना जा रहा था कि भारत के लिए तो यह टी-20 में सबसे बड़ा स्कोर है। क्या वह इसे चेज कर जीत पाएगा। भारत की शुरुआत ठीक नहीं रही उसके दो विकेट जल्द गिर गए। तेज बल्लेबाजी करने वाले अभिषेक व इसान जल्दी आउट हो गए। उनसे जो उम्मीद थी वह पूरी नहीं हुई। एक तरफ ओपनर संजू सैमसन जमे हुए थे और सूर्या, तिलक,हार्दिक कोई भी ज्यादा रन नहीं बना सका। इनकी बल्लेबाजी को देखकर लग नहीं रहा था कि यह जीतने के लिए खेल रहे हैं। संजू सैमसन ने एक छोर के संभाले रखा और रन गति को कभी कम नहीं होने दिया । वह एक छोर से तेजी से रन बनाते रहे। उनका साथ कुछ देर सूर्या ने दिया, कुछ देर तिलक व कुछ देर हार्दिक ने दिया लेकिन जीत के लिए यह पर्याप्त नहीं था। संजू सैमसन आखिरी तक नाबाद रहकर 97 रन बनाए और भारत को जीत की दहलीज पर लेजाकर खड़ा किया। यह संजू सैमसन की अब तक यादगार पारी थी। इसे हमेशा याद किया जाएगा कि संजू सैमसन यदि एक छोर पर बने नहीं रहते तो भारत सेमीफाइनल में नहीं पहुंचता।

होली पर विशेष

# रिश्तों की मजबूती का पर्व है , रंगोत्सव

**डॉ .सूर्यकांत मिश्रा**

होली का त्यौहार आते ही मन मचलने लगता है । रंगों की मस्ती और उछल - कूद की योजना बनने लगती है । सामान्यतः होली रंगों , गुलाल , पानी और शोरगुल का त्यौहार ही मानी जाती है । यह



विचारणीय तथ्य है कि क्या होली महज रंग लगाकर एक - दूसरे को रंगने का ही त्यौहार है ? जहां तक मैं समझता हूं हमारी सनातन संस्कृति में होली केवल रंगों तक ही सीमित नहीं है वरन मनोवैज्ञानिक , सामाजिक और पारिस्थितिक ' रीसेट बटन ' है । स्पष्ट शब्दों में कहूं तो यह सर्दियों की सुस्ती का त्याग कर बसंत के स्वागत का पर्व है । पुरानी कड़वाहट को भस्म कर प्रेम के नए रंग भरने का उमंग है । साथ ही खुद को नए सिरे से तराशने का उत्सव है । इसी तरह रंगोत्सव से एक रात पूर्व मनाया जाने वाला " होलिका -दहन " केवल एक परम्परा नहीं वरन आत्मशुद्धि की प्रक्रिया है । जिस तरह होलिका की अग्नि में लकड़ियों के साथ कूड़ा - करकट जलकर राख बन जाते हैं ठीक उसी तरह मनुष्य के भीतर बैठा अहंकार , ईर्ष्या , क्रोध और वर्षों पुरानी कटुता को भी इसी अग्नि में हमें समर्पित कर देना चाहिए । होलिका दहन का दिन हमें स्मरण कराता है कि बुराई , जिसे हम शास्त्रों में हिरण्यकश्यप के नाम से जानते हैं, कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो अंत में जीत सच्चाई और भक्ति ( प्रहलाद ) की ही होती है ।

होली का सबसे अनोखा पहलू है - " बुरा न मानो होली है .." इस कहावत में होली का गूढ़ रहस्य छिपा हुआ है । जब हम किसी के चेहरे पर रंग मलते हैं तब उसका व्यक्तित्व चाहे वह गोरा हो , काला हो , अमीर हो या गरीब हो , हमारा दोस्त हो या दुश्मन हो , अपने आप में रंगहीन हो जाता है । एक ही रंग में रंगने के बाद सब एक ही रंग के हो जाते हैं । सभी का व्यक्तित्व एक हो जाता है । हम कह सकते हैं कि होली का त्यौहार सामाजिक समानता का सबसे बड़ा संदेश देने वाला पर्व है । जहां रंग ही व्यक्ति की पहचान बन जाता है । जात -पात के बंधन को मैदान छोड़ना ही पड़ता है । वास्तव में कहा जाए तो होली बसंत ऋतु में प्रकृति परिवर्तन का जश्न ही है । पहले के समय में होली टेशू ( पलाश ) के फूलों और हल्दी से खेली जाती थी । कारण यह कि दोनों ही पदार्थ में औषधीय गुणों की भरमार है । टेशू और हल्दी हमारी त्वचा के लिए अत्यंत लाभकारी हैं । आज की होली आधुनिक और रसायन युक्त रंगों से रंगी हुई है , जो हमें नुकसान पहुंचाते हैं । हम प्रयास करें तो पुनः प्राकृतिक रंगों की ओर लौट सकते है। यही होली पर्व का उद्देश्य भी है । त्यौहार को पर्यावरण के अनुकूल और स्वास्थ्यपरक बनाने में प्राकृतिक रंगों की बड़ी भूमिका हमें समझनी होगी ।

होली एक ऐसा दिन है जब हमें एक - दूसरे से गले मिलकर पुरानी वैमनस्यता को त्याग देना चाहिए । यह त्यौहार बिखरे हुए रिश्तों को फिर से जोड़ने का , पुराने विवादों को खत्म करने का और दोस्ती का हाथ बढ़ाने का सबसे रंगीन अवसर हमें प्रदान करता है । इसी कारण इसे प्रेम और भाईचारे का पर्व कहा जाता है । आइए -हम प्राण लें अपने जीवन के कैनवास को प्रेम , भाईचारा और सकारात्मकता के रंगों से रंगने का । यह संकल्प लें कि इस होली न केवल दूसरों पर रंग डालें बल्कि अपने जीवन में खुशियों के नए रंग भी भर डालें । होलाष्टक , होलिका दहन और धुलेंडी इन तीनों परंपराओं के माध्यम से हम बुराई पर अच्छाई की विजय , पुराने नकारात्मक विचारों का त्याग कर समाज में प्रेम और शांति की स्थापना की ओर अग्रसर हों । करते हैं । लाल रंग प्रेम और उल्लास का प्रतीक माना जाता है । इसी तरह पीला खुशी और चेतना का इजहार कर जाता है । हरा रंग हमारे जीवन की हरियाली के साथ ही उन्नति की ओर संकेत करता दिखाई पड़ता है । गहरा नीला रंग हमारे जीवन में आई शांति और संतुलन का संकेत माना जाता है । रंगों का उल्लास भरा त्यौहार होली हमें न केवल खुद की खुशी प्रदान करता है बल्कि अन्य लोगों के साथ हमें प्रेम पूर्वक जोड़ने का काम भी करता है । यह त्यौहार हमें नई उम्मीद और ऊर्जा प्रदान करता है । होली का हर रंग हमें बताता है कि जीवन में रंगीनी केवल बाहरी रूप में नहीं बल्कि हमारे अंदर भी उतरना चाहिए । यह उत्सव इस बात का प्रतीक माना जाता है कि हर प्राणी के भीतर अलग - अलग



होली के संदर्भ में एक कथानक मिलता है जिसके अनुसार सबसे पहली होली भगवान भोले शंकर ने खेली । कहा जाता है - भगवान शंकर जब कैलाश पर ध्यान में लीन थे , तब कामदेव ने उनकी तपस्या भंग करने की कोशिश की । शिव जी ने क्रोधित होकर कामदेव को भस्म कर दिया । इससे कामदेव की पत्नी रति दुखी हो गई । रति की प्रार्थना पर शिव जी ने कामदेव को पुनर्जीवित कर दिया । इसी खुशी में भोज का आयोजन किया गया , जिसमें सभी देवी - देवताओं ने हिस्सा लिया । यह भी वर्णन मिलता है कि इसी आयोजन में भगवान शिव जी डमरू बजाया , भगवान विष्णु ने बांसुरी , मां पार्वती ने वीणा और मां सरस्वती ने गीत गाए । इसी खुशी में फाल्गुन पूर्णिमा के दिन उत्सव मनाया गया ।, जिसे बाद में होली के रूप में मनाया जाने लगा। रंगों से भरी होली का पर्व जीवन के हर पहलू को अलग - अलग रंगों से रंग डालता है । प्राकृतिक रंगों के साथ लैब में तैयार किए गए रंग अपनी अमिट छाप छोड़ने के साथ ही अपने रंग के गुणों का बखान रंग होते हैं , जो आपस में मिलकर एक सुंदर चित्र को चित्रांकित करते हैं । यही कारण है कि होली पर्व पर प्रत्येक रंग खेलने वाला मनुष्य मतभेदों और विवादों को भूलकर उन्मुक्त रूप से एक - दूसरे के शरीर पर रंगों की बौछार करने लगता है । होली का पर्व न केवल रंगों के उत्सव से संबंध रखता है वरन मानवीय रिश्तों की डोर को मजबूती भी प्रदान करता है । यह हमें संदेश देता है कि जीवन का हर पल एक उत्सव है , जिसे हमें खुशी और उल्लास के साथ जीना चाहिए । यह त्यौहार प्रेम और सौहार्द की बात करते हुए मानव समाज को यह कहता प्रतीत होता है कि रंगों में छिपे संदेश को साकार करते हुए हम एक खुशहाल समाज की स्थापना कर सकते हैं । आइए इस होली हम सब मिलकर संकल्प लें कि जितने रंगों से हमने होली खेली है , उन सभी के संयोजन से अपने समाज को एक ही रंग में रंग डालें , और वह रंग होगा मानवता का रंग । इस मानवता के रंग को कोई भी रसायन कभी धो नहीं सकेगा ।

## होली जो हो ली पर भूले नहीं भूली

**विजय मिश्रा**

होली पर्व फागुन माह का सिरमौर पर्व है। फागुन माह में चारों ओर हलचल मचा देने वाला पर्व भाई चारा का पाठ भी पढ़ाता है।वर्ष के पूरे ग्यारह माह की भागम-भाग भरी जिंदगी के बाद यह पर्व आनंद सागर में हिलोरे लेने का सुख देता।होली पर्व पर हंसी ठिठोली के बीच हुई कुछ बातें अविस्मरणीय रह जाती हैं। जीवन की वो होली जो हो ली पर भूली नहीं गई को हमारे रचनाधर्मियों ने परिचर्चा में ऐसे व्यक्त किया।

**होली में खाई अर्धांगिनी की बोली की गोली -रामेश्वर वैष्णव**-वरिष्ठ साहित्यकार रामेश्वर वैष्णव ने बताया- विजय भाई,बात 1984 की है।मैं पाण्डुका गरियाबंद में उपडाकपाल था। तब होली की पूर्व संध्या भिलाई कवि सम्मेलन में शामिल हुआ। सुबह तक चले सम्मेलन के बाद तगड़ा पारिश्रमिक वाला लिफाफा लेकर रायपुर बस स्टैंड पहुंच गया। बच्चों के लिए रंग मिठाई की खरीद करके जब पांडुका जाने बस ढूंढ़ा तब पता चला धूरेड़ी के दिन बस चलती ही नहीं है।एक घंटे बाद ट्रक वाले से लिप्ट लेकर नवापारा तक पहुंच गया। वहां से मेरे घर पांडुका की दूरी मात्र बाईस किलोमीटर शेष थी।इच्छा हुई पैदल निकल पड़ूं,पर रात भर जागे तन मन ने साथ नहीं दिया। शाम तक जुगाड़ नहीं हुआ।तभी मेरे कवि मित्र पोस्ट मास्टर राधेश्याम सिंदूरिया दिख गए। मेरी दुर्दशा देखकर डाक भवन ले गए। शाम का धुंधलका अंधेरे में परिणित हो गया। वहीं रात्रि विश्राम मेरी मजबूरी बन गई।सबेरे उठकर पहली बस से घर भागा। घर पहुंचा तो बच्चे तो बेहद खुश हुए मगर श्रीमती जी ने धुंआधार कडुए प्रवचन का जबरदस्त स्वाद चखाया। होली में गायब रहने की सजा अर्धांगिनी की बोली की गोली के रूप में मिली।

**महंगे गहने न पहनें होली में-डॉ शैल चंद्रा**-परिचर्चा में भागीदारी देते हुए साहित्यकार डॉ शैल चंद्रा बोली--अमित जी, बात तब की है जब मैं दसवीं में पढ़ती थी। मोहल्ले की सारी लड़कियाँ बाड़े में होली खेलने जमा होती थीं। मैं राधा बनती थी और मेरी सहेली मधु कृष्ण बनती थी। हम लोग खूब मस्ती और डांस करते थे। हर बार की तरह मैं कान में सोने की बड़ी बड़ी बालियां पहने राधा का रूप धरे होली खेलने में मस्त थी। तभी मेरी एक सहेली ने कहा" शैल तेरे एक कान की बाली कहाँ है?" मेरी बाली कहीं गुम हो गई थी।ढूंढने पर भी नहीं मिली।डांट-मार के डर से मेरा जी धक- धक करने लगा।मैं रोने लगी। तभी अम्मा फटकार लगाते हुए बोली- कीमती गहने पहनकर कौन होली खेलता है? होली का मजा किरकिरा हो गया पर उस दिन सीख मिली कि महंगे आभूषण होली के दिन नहीं पहनना चाहिए।

**सबसे सस्ता त्योहार है होली -विवेक वासनिक**-आनंद उल्लास से सराबोर कर देने वाला सबसे सस्ता त्योहार होली है।एक चुटकी गुलाल के टीका मात्र से यह बड़े बड़े बैर भाव को मिटा कर मित्रता में बदल देने की ताकत रखता है। यह कहते हुए वरिष्ठ संगीतकार विवेक वासनिक ने बताया -मुझे याद है विजय भाई, हमारे गांव में बसंत पंचमी के दिन अंडा पेड़ की एक शाखा को होली स्थल पर गाड़ा जाता था। सुखी लकड़ियां और कंडो की होली जलाई जाती थी।पर अब जो सामाजिक एवं पर्यावरण प्रदूषण का खेल चल रहा है वह इस सुंदर त्यौहार को कलंकित कर रहा है। इसे रोकने के लिए गत वर्ष मोहल्ले के हुरियारों को समझाया तो वे जलती होली की तरह भभक उठे। मेरे ऊपर बाल्टी भर ठंडा पानी उंडेल कर बुरा न मानो होली है कहते हुए भाग गए।पानी की बरबादी,हरे वृक्षों की कटाई से सस्ता पर्व होली मंहगा पर्व बनते जा रहा है।अतः कहना चाहूंगा ''हरे पेड़ कटने न दे,जलस्तर घटने न दे,भाईचारे को बंटने न दे, होली पर यही पैगाम है।

**जीजा की बाड़ी का घेरा चोर साला - डॉ पी सी लाल यादव**- होली की यादों का पिटारा खोलते हुए वरिष्ठ साहित्यकार डॉ पी.सी. लाल यादव ने बताया- विजय भाई,फागुन के आते ही मन बहकने लगता है। लाल टेसू की भांति दहकने लगता है। जब घिड़कता है नगाड़ा तो तन मन थिरकने लगता है।बालपन में हम बड़ी शरारत किया करते थे।किसी के कंडे, बैलगाड़ी के डंडे को टिड्डी दल की भांति होली के लिए उड़ा ले जाते थे। एक बार गांव के कन्हैया जीजा की बाड़ी में लगे लकड़ी के घेरे पर हमारी नजर लग गई,किंतु वे चौकीदारी में लगे रहते थे अतः हम कुछ नहीं कर पा रहे थे।कन्हैया जीजा से मेरी अच्छी तालमेल थी। इसका फायदा उठाते हुए प्लान बनाकर मैं कन्हैया जीजा के पास खाना खाने के समय पहुंचा और बोला -खाना खाने नहीं गए जीजा? मेरा सवाल सुनकर भूख से तिल मिलाते हुए वे बोले-खाने जाऊंगा तो बाड़ी के लकड़ी खम्भे को छोकरे उखाड़ कर ले जाएंगे। खैर तुम आ गए हो तो मैं जल्दी ही खाकर आता हूं। तब तक तुम रखवारी करना। अंधा चाहे दो आंख की तरह मुझे मौका मिला तो मैंने कहा-हां हां,आप जाइए न।जीजा के जाते ही वानर सेना की तरह मेरे साथी बाड़ी के खम्भों को उखाड़ ले गए। उसे देखकर मन ही मन मैं पुलकित हो रहा था। तभी कन्हैया जीजा के आने की आहट पाकर मैं जोर-जोर से कराहने लगा-अरे बाप रे.. मार डाला सालों ने,हड्डी तोड़ दी।जीजा करीब आए तो कराहते हुए मैंने बताया- आपके जाते ही बहुत से छोकरे आकर खम्भे उखाड़कर ले गए। मेरी बातों पर जीजा को भरोसा हो गया।वे सिर पकड़कर बैठ गए। उनसे विदा लेकर जब मैं होली स्थल पर पहुंचा तो सारे साथी विजयी मुस्कान के साथ नाचने लगे। परिचर्चा में शामिल साथियों ने सार में यही संदेश दिया है कि होली पर्व छोटे बड़े,जात-पांत भूला कर एक हो जाने का संदेश देता है। इसके सुंदर स्वरूप को बनाए हुए भाई चारे के सुख सागर डूबकी लगाते कहें-राधा का रंग और कान्हा की पिचकारी,प्रेम के रंग में डूबे दुनिया सारी, होली जात देखे न बोली,मुबारक हो सबको होली ।

### सू- दोकू क्र.332

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.331 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

### शब्द सामर्थ्य -332

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. हृदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | | ■ | | ■ | 6 | | |
| ■ | 7 | | | | ■ | | ■ | |
| 8 | | ■ | ■ | | ■ | 9 | 10 | |
| | ■ | ■ | ■ | 11 | 12 | ■ | | ■ |
| 13 | | | 14 | ■ | 15 | | | ■ |
| | ■ | ■ | 16 | 17 | | ■ | 18 | 19 |
| ■ | 20 | ■ | | | ■ | 21 | ■ | |
| 22 | | | | | ■ | 23 | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 331 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | ■ | मु | ■ | सं | स्था | न | ■ |
| ग | ■ | म | र्दा | न | गी | ■ | त | म |
| ली | प | ना | ■ | ■ | त | न | ■ | ■ |
| ■ | ना | ना | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | ■ |
| मा | ह | ■ | रा | ■ | सा | ज | न | ■ |
| न | ■ | स | ह | दे | व | ■ | म | द |
| व | ■ | म | ■ | व | न | ज | ■ | ल |
| ता | क | त | व | र | ■ | मी | ■ | द |
| ■ | ल | ल | क | ■ | क | र | त | ल |

पर्व

# रंग जो दिलों तक उतर जाए..

**डॉ. प्रियंका सौरभ**

भारत की सांस्कृतिक परंपरा में होली केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और मानवीय संबंधों का जीवंत उत्सव है। यह वह अवसर है जब रंगों के बहाने मन के भीतर जमी धूल को झाड़ने, रिश्तों में आई दरारों को भरने और जीवन में नई ऊर्जा भरने का अवसर मिलता है। होली हमें याद दिलाती है कि जीवन की असली खूबसूरती बाहरी रंगों में नहीं, बल्कि भीतर की भावनाओं में छिपी होती है।

आज का समय तेज़ रफ्तार, प्रतिस्पर्धा और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं का है। परिवार साथ रहते हुए भी दूर होते जा रहे हैं। संवाद की जगह औपचारिक संदेशों ने ले ली है और संवेदनाओं की जगह तर्क ने। छोटी-छोटी बातों पर मनमुटाव, अहंकार और गलतफहमियाँ रिश्तों के बीच दीवार खड़ी कर देती हैं। ऐसे में होली एक अवसर बनकर आती है—इन दीवारों को गिराने और अपनत्व के पुल बनाने का। होली का वास्तविक संदेश क्षमा, स्वीकार और समानता में निहित है। जब हम एक-दूसरे को रंग लगाते हैं, तो यह प्रतीक होता है कि हम भेदभाव, कटुता और दूरी को पीछे छोड़ रहे हैं। रंगों की यह परंपरा हमें सिखाती है कि जीवन में विविधता ही सुंदरता है। अलग-अलग स्वभाव, विचार और संस्कृतियाँ मिलकर ही समाज को समृद्ध बनाती हैं। यदि हम इन विविधताओं को स्वीकार कर लें, तो अधिकांश विवाद स्वयं समाप्त हो सकते हैं। मनमुटाव अक्सर संवाद की कमी से जन्म लेते हैं। हम अपनी बात कहने में देर कर देते हैं और दूसरे की बात सुनने का धैर्य खो बैठते हैं। त्योहार संवाद का स्वाभाविक अवसर प्रदान करते हैं। परिवार और मित्र जब एक साथ बैठते हैं, तो दिल की बातें खुलकर सामने आती हैं। एक सच्ची मुस्कान और एक आत्मीय आलिंगन वर्षों की दूरी को मिटा सकता है। होली हमें यही सहजता और खुलेपन का पाठ पढ़ाती है।

डिजिटल युग में जुड़ाव का स्वरूप बदला है। सोशल मीडिया पर शुभकामनाओं की भरमार होती है, लेकिन वास्तविक मिलन कम होता जा रहा है। होली हमें स्क्रीन से बाहर निकलकर वास्तविक संबंधों को प्राथमिकता देने की प्रेरणा देती है। रंगों



से सना चेहरा और हँसी से भरा वातावरण उस आत्मीयता को जन्म देता है, जिसे कोई आभासी माध्यम पूरी तरह नहीं दे सकता। परिवार के संदर्भ में होली का महत्व और भी बढ़ जाता है। यह पीढ़ियों को जोड़ने का अवसर है। बच्चे जब अपने बड़ों को हँसते-खेलते देखते हैं, तो उनके भीतर भी अपनत्व और सहयोग की भावना विकसित होती है। बुजुर्गों के अनुभव और युवाओं का उत्साह मिलकर उत्सव को संपूर्ण बनाते हैं। होली का यह सामूहिक स्वरूप परिवार को मजबूत और जीवंत बनाता है। सामाजिक स्तर पर भी यह पर्व समरसता का संदेश देता है। जाति, वर्ग, भाषा या आर्थिक स्थिति की दीवारें रंगों के सामने फीकी पड़ जाती हैं। जब पूरा समाज एक साथ उत्सव मनाता है, तो आपसी अविश्वास कम होता है और सहयोग की भावना बढ़ती है। आज के समय में, जब समाज विभिन्न स्तरों पर विभाजन का सामना कर रहा है, होली जैसे पर्व सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने का माध्यम बन सकते हैं। हालाँकि यह भी सच है कि समय के साथ त्योहारों में दिखावे और उपभोक्तावाद की प्रवृत्ति बढ़ी है। महंगे आयोजन, प्रदर्शन और सोशल मीडिया पर छवि निर्माण की होड़ ने त्योहारों की आत्मा को कहीं-कहीं आच्छादित कर दिया है। हमें यह समझना होगा कि होली का वास्तविक आनंद सादगी, आत्मीयता और सहभागिता में है। जब हम अपेक्षाओं और प्रतिस्पर्धा से मुक्त होकर उत्सव मनाते हैं, तभी उसकी सच्ची अनुभूति होती है।

मानसिक स्वास्थ्य की दृष्टि से भी होली का महत्व कम नहीं है। तनाव और चिंता से भरे जीवन में यह पर्व हमें खुलकर हँसने, गाने और आनंद लेने का अवसर देता है। सकारात्मक भावनाएँ मन को हल्का करती हैं और नई ऊर्जा प्रदान करती हैं। जब हम गिले-शिकवे भुलाकर आगे बढ़ते हैं, तो भीतर एक शांति और संतोष का अनुभव होता है।

होली आत्ममंथन का भी समय है। यह सोचने का अवसर है कि क्या हमने किसी को अनजाने में आहत किया है? क्या कोई ऐसा संबंध है जिसे हमने समय न देकर कमजोर होने दिया? यदि उत्तर हाँ है, तो यह पर्व सुधार का अवसर देता है। एक छोटी-सी पहल—एक फोन कॉल, एक मुलाकात या एक स्नेहिल संदेश—रिश्तों में नई जान फूंक सकता है। अंततः, होली हमें यह सिखाती है कि जीवन का असली रंग प्रेम और अपनत्व है। बाहरी रंग कुछ समय बाद फीके पड़ जाते हैं, लेकिन दिलों में भरे स्नेह के रंग स्थायी होते हैं। यदि हम इस त्योहार की भावना को अपने दैनिक जीवन में उतार लें, तो हर दिन एक उत्सव बन सकता है। आइए, इस होली पर हम यह संकल्प लें कि मनमुटाव को पीछे छोड़ेंगे, संवाद को मजबूत बनाएँगे और रिश्तों को प्राथमिकता देंगे। क्योंकि जब दिल जुड़ते हैं, तभी समाज सशक्त होता है और जीवन सचमुच रंगों से भर उठता है। होली केवल रंगों का नहीं, बल्कि भावनाओं का पर्व है—और यही इसे सबसे खास बनाता है।

**एक नजर**

## बस्तर की कला को नई ऊंचाई देने कलेक्टर पहुंचे बादल एकेडमी, बढ़ाया मनोबल



**जगदलपुर, 3 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और युवाओं को कला के क्षेत्र में दक्ष बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर आकाश छिकारा ने आसना स्थित बादल एकेडमी (बस्तर एकेडमी ऑफ डांस, आर्ट, लिटरेचर एंड लैंग्वेज) का गहन अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर ने एकेडमी परिसर में संचालित हो रही विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का जायजा लिया और वहां मौजूद कला साधकों से सीधा संवाद स्थापित किया। कलेक्टर के इस भ्रमण का विशेष अवसर भित्तिचित्र कार्यशाला का समापन रहा, जहां उन्होंने प्रदेश भर से आए 50 प्रतिभागियों से मुलाकात की। इन प्रतिभागियों ने कार्यशाला के दौरान भित्तिचित्र कला का गहन प्रशिक्षण प्राप्त किया था। कलाकारों द्वारा तैयार की गई कलाकृतियों की सराहना करते हुए कलेक्टर ने कहा कि प्रदेश की पारंपरिक कलाओं को आधुनिक स्वरूप में प्रस्तुत करना समय की मांग है। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कलाकारों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उनके कौशल की प्रशंसा की।

कलेक्टर ने भित्तिचित्र के साथ-साथ एकेडमी में चल रहे गोदना कला के प्रशिक्षण सत्र का भी बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने गोदना शिल्प के प्रशिक्षुओं से बातचीत कर उनके अनुभव जाने और इस पारंपरिक विधा को जीवंत बनाए रखने के प्रयासों पर चर्चा की। कलेक्टर ने एकेडमी के अधिकारियों के साथ भविष्य की रूपरेखा पर विमर्श करते हुए संस्थान की गतिविधियों को और अधिक व्यापक बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एकेडमी को बस्तर की कला, गीत-संगीत, साहित्य और भाषा के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए नई योजनाओं को जोड़ा जाएगा, ताकि स्थानीय कलाकारों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर मंच और अवसर प्राप्त हो सके। कलेक्टर ने एकेडमी के अधिकारियों के साथ भविष्य की रूपरेखा पर विमर्श करते हुए संस्थान की गतिविधियों को और अधिक व्यापक बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एकेडमी को बस्तर की कला, गीत-संगीत, साहित्य और भाषा के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए नई योजनाओं को जोड़ा जाएगा, ताकि स्थानीय कलाकारों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर मंच और अवसर प्राप्त हो सके।

# बचेली हाई स्कूल मैदान में हेलीपैड निर्माण विवाद गहराया

- अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट प्रथम चरण को भी ग्रामसभा ने किया खारिज

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बचेली 3 मार्च।** शासकीय हाई स्कूल के एकमात्र खेल मैदान में हेलीपैड निर्माण को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्रामसभा की अनुमति के बिना ही निर्माण कार्य शुरू किया गया, जो पंचायत राज नियमों के विरुद्ध है।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में आज भी पानी, बिजली, सड़क और शैक्षणिक सुविधाओं जैसी मूलभूत आवश्यकताओं का अभाव है। ऐसे में बच्चों के एकमात्र खेल मैदान पर हेलीपैड निर्माण को वे अनुचित मानते हैं। पूर्व में भी ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर कार्य रुकवाया था, लेकिन प्रशासन द्वारा पुनः निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया, जिससे नाराज़गी और बढ़ गई।

इसी क्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि उनकी मांगों को अनसुना किया गया तो क्षेत्र के 17 के 17 वार्डों के सरपंच सामूहिक इस्तीफा देने को बाध्य होंगे।

विवाद के बीच एक और महत्वपूर्ण मुद्दा सामने आया है। ग्रामीणों के अनुसार ? साई प्राइवेट लिमिटेड द्वारा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रथम चरण (फर्स्ट फेस) के निर्माण के संबंध में ग्राम पंचायत बड़े बचेली को सूचना दी गई थी। हालांकि ग्रामसभा में इस प्रस्ताव को ग्रामीणों ने अस्वीकार कर दिया।

ग्रामीणों का कहना है कि प्रस्तावित परियोजना से उनके आर्थिक, सामाजिक और धार्मिक जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उनका दावा है कि इससे आजीविका, पारंपरिक संसाधनों और धार्मिक आस्थाओं पर असर पड़ सकता है, इसलिए बिना व्यापक सहमति और स्पष्ट पुनर्वास योजना के वे किसी भी बड़े निर्माण कार्य को स्वीकार नहीं करेंगे। फिलहाल प्रशासन की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया का इंतजार है, लेकिन क्षेत्र में इस मुद्दे को लेकर माहौल संवेदनशील बना हुआ है।

# 2 साल पुरानी अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझाने में पुलिस को मिली बड़ी सफलता

### आरोपी राकेश तेलाम को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बचेली 3 मार्च।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 15.01.2024 को प्रार्थी राजू तेलाम निवासी आयतुपारा नेरली ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि दिनांक 14.01.2024 को रात्रि करीबन 11.30 बजे बिजली बंद हुआ उसी दौरान प्रार्थी की माँ श्रीमती सन्नी तेलामी जोर-जोर से आवाज दी कि तुम्हारे बाबा को कोई मारकर भाग रहा है जल्दी आओ कहने पर प्रार्थी अपने घर से बाहर निकला परछी में बने लकड़ी के गेट को देखा तो कोई अज्ञात व्यक्ति तार से बांध दिया था तथा पास में उसके भाई भीमा के घर के गेट को रस्सी से बांध दिया था ये लोग अपने-अपने घर के गेट में बंधे रस्सी व तार को निकालकर अपनी मां के घर जाकर देखे तो इसके पिता बुधरू तेलाम घर के परछी में खाट पर लेटा हुआ था उसके दाहिने सिर तरफकोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा किसी अज्ञात वस्तु से मारकर चोट पहुंचाने से खून बह रहा था जिसे टावेल से ढक कर तत्काल गांव के सरपंच व कोटवार को फोन कर एनएमडीसी अपोलो अस्पताल बचेली ईलाज हेतु ले गये जहां डॉक्टर द्वारा चेक कर मृत्यु होना बताया गया, प्रार्थी कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना की जानकारी तत्काल पुलिस अधीक्षक महोदय दंतेवाड़ा को दी गई पुलिस अधीक्षक गौरव राय जिला दंतेवाड़ा के दिशा-निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी किरन्दुल, कमलजीत पाटले के मार्गदर्शन में आरोपी की पतासाजी कर तत्काल गिरफ्तार करने दिशा निर्देश प्राप्त हुआ। विवेचना के क्रम में जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि ग्राम नेरली मुख्य मार्ग से लगा मृतक बुधरू तेलाम, भीमे पति भीमा, रामे पति बुगुर, जोगा पति बांडा, राकेश पिता बुगुर, समीर तेलाम पिता बुगुर की संयुक्त खाते जमीन जिसका पटवारी हल्का खसरा नंबर 03, रकबा 2 हेक्टेयर है जिसमें से 0.4550 हेक्टेयर भूमि को एनएमडीसी लिमिटेड द्वारा बैलाडिला से नगरनार क्षेत्र (एनएमडीसी लिमिटेड पैलेट प्लांट नगरनार) के अंतर्गत लौह अयस्क स्लरी के परिवहन के लिये स्लरी पाईप लाईन और ऑप्टिकल फायबर केबल सहित जल पाईप लाईन बिछाने हेतु वर्ष 2023 में अधिगृहित किया गया है। जमीन का मुआवजा लगभग 06 लाख 88 हजार और उसमें लगे पेड़ का मुआवजा राशि लगभग 14 लाख का बना था, कलेक्टर कार्यालय दन्तेवाड़ा में सितम्बर 2023 में खातेदार भीमा, जोगा व बुधरू को मरा बताकर राकेश तेलाम के द्वारा अपने मां व भाई को साथ ले जाकर एक किस्त 06 लाख 88 हजार रूपये के चेक लिया था और उक्त चेक को अपने स्वच्छ बैंक के खाते में जमा किया था जिसकी जानकारी गांव के कोटवार लक्ष्मण भास्कर के माध्यम से इसके दादा बुधरू व उनके पुत्रो भीमा व राजू को हो गई थी। जिससे राकेश तेलाम द्वारा मुआवजा राशि का प्रथम किस्त फर्जी तरीके से प्राप्त करने के केस में फंसने से बचने व बाकी मुआवजा का बचा पैसा 14 लाख रूपये को प्राप्त करने के नीयत से मृतक बुधरू तेलाम को मारने का प्लान बनाया और दिनांक 14.01.2024 को रात्रि करीबन 11.00 से 12.30 बजे के बीच में चुपके से अपने घर से निकला और उनके दोनो बेटे के घर के बाहर के गेट को रस्सी व तार से बांध कर पास में लगे ट्रांसफार्मर के स्वीच को निकालकर लाईट बंद करना और मृतक बुधरू के घर जाकर सोया हुआ अवस्था में अपने हाथ में रखे गुप्ती से उसके सिर में 02-03 बार मारकर हत्या करना पाया गया। आज दिनांक 02-03-2026 को आरोपी राकेश तेलाम हिरासत में लेकर आरोपी से मृतक बुधरू तेलाम को मारने में प्रयुक्त गुप्ती को जप्त किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय सी0 जे0 एम0 न्यायालय दंतेवाड़ा के समक्ष पेश कर जेल दाखिल किया गया।

**कार्यवाही में शामिल अधिकारी/कर्मचारी :-** थाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद कुमार साहू, उप निरीक्षक रूपेश नारंग, सहायक उप निरीक्षक गोवर्धन निर्मलकर, रामजी कुंवर, प्रधान आरक्षक मेहतु राम कोर्राम, संतोषी ध्रुव, आरक्षक हीरा कुमार रात्रे की सराहनीय भूमिका रही।

## दंतेश्वरी मंदिर समेत शहर के सभी मंदिरों के कपाट सुबह 6.20 को हुए बंद



- आज खग्रास चंदग्रहण, सूतक काल में मंदिरों के कपाट हुए बंद
- शाम 7 बजे ग्रहण हटने के बाद, मंदिरों की शुद्धिकरण पश्चात खोले जाएंगे कपाट

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 3 मार्च।** आज खग्रास चंद्रग्रहण पड़ रहा है। चंद्रग्रहण पड़ने से सूतककाल में आज सुबह से ही नगर के सभी मंदिरों के कपाट बंद कर दिए गए हैं। आज पूरे दिन मंदिरों के कपाट बंद रहेंगे। अब कल सुबह ही शुद्धिकरण के बाद मंदिरों के कपाट खोले जाएंगे।

गौरतलब है कि आज फाल्गुन मास की पुर्णिमा तिथि पर साल 2026 का पहला पहला बड़ा चंद्रग्रहण पड़ रहा है। यह चंद्रग्रहण लगभग 3 घंटे 27 मिनट का होगा। ऐसे में शास्त्रगत नियत के अनुसार चंद्रग्रहण का सूतक चंद्रग्रहण लगने से 9 घंटे पूर्व ही शुरू हो गया है। इस हिसाब से देखें तो आज सुबह 6 बजकर 21 मिनट से चंद्रग्रहण का सूतक लग गया है। ईधर सूतक लगने से पूर्व ही शक्तिपीठ की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी मंदिर के कपाट बंद कर दिए गए हैं। वहीं नगर के बस स्टेंड स्थित संकट मोचन हनुमान जी मंदिर, शनि मंदिर, जगन्नाथ मंदिर समेत नगर के सभी मंदिरों, देवी स्थलों, देवालयों के पट भी बंद हो चुके हैं। ज्योतिषाचार्यो के मुताबिक चंद्रग्रहण का समय भारत में 3 बजकर 21 मिनट से शुरू होगा जो शाम 6 बजकर 47 मिनट तक रहेगा। यह एक आंशिक (खण्डग्रास) चंद्रग्रहण होगा। इस दौरान चंद्रमा सिंह राशि में रहेंगे, जहां पहले से छाया ग्रह केतु विराजमान है। सनातन धर्म में चंद्रग्रहण का विशेष महत्व है। चंद्रग्रहण के दौरान कोई शुभ कार्य नहीं किया जाता है। सूतक काल और चंद्रग्रहण के दौरान मंत्र जाप और स्त्रोत पाठ करना मंगलकारी माना गया है।

# कुरूद महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कुरूद 3 मार्च।** संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में ''छत्तीसगढ़ काउंसिल ऑफ साईंस एंड टेक्नॉलॉजी रायपुर एवं नेशनल काउंसिल ऑफ साईंस एंड टेक्नॉलॉजी नई दिल्ली'' के सहयोग से दिनांक 26 फरवरी से 28 फरवरी तक राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ ए.के.मिश्रा के निर्देशन एवं प्राणीशास्त्र विभाग, वनस्पति शास्त्र विभाग एवं सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में विज्ञान के प्रति अभिरुचि एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण पैदा करना एवं उन्हें विकसित भारत के निर्माण हेतु प्रेरित करना था । इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में प्रसिद्ध वनस्पतिशास्त्री डॉ. अरविंद गिरोलकर, सेवानिवृत प्राचार्य शासकीय दुधाधारी बजरंग महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.) के साथ विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. अजीत हुन्डेत, सेवानिवृश्र प्राध्यापक एवं प्रसिद्ध प्राणीशास्त्री, डॉ. एस.के जाधव विभागाध्यक्ष स्कूल ऑफ स्टडीस जैव प्रौद्योगिकी विभाग पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर उपस्थित थें। उपस्थित विशेषज्ञों नें - ''वूमेन इन साईंस, केटालाइसिंग विकसित भारत'' विषय पर अपना उदबोधन दिया।

कार्यक्रम के शुरुआत में डॉ. विक्रम सिंह, सहायक प्राध्यापक- वनस्पतिशास्त्र नें कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम की भूमिका प्रस्तुत करतें हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए.के. मिश्रा नें कहा कि - नारियां किसी भी समाज की संस्कृति का दर्पण है, आपको यदि किसी समाज की संस्कृति को जानना है तो उस समाज के नारियों के बारे में जानें । सेवानिवृत प्राचार्य और प्रसिद्ध वनस्पति शास्त्री डॉ. अरविंद गिरहाल्कर नें डॉ गगनदीप कांग, डॉ गीता मंजूनाथ, डॉ इंदिरा आहूजा, मीनल भोंसले आदि का हेल्थ साइंस के क्षेत्र में योगदानों को रेखांकित किया इसके साथ ही उन्होंने अंतरिक्ष अनुसंधान एवं विज्ञान के क्षेत्रों जैसे चंद्रयान - 2, चंद्रयान - 3, मंगलग्रह मिशन, आदित्या - एल आदि मिशन में महिलाओं के योगदानों के बारे में विस्तार से बताया।

डॉ एस.के. जाधव नें कहा कि आंकड़े बताते हैं कि महिलाएं शिक्षित तो हुई है किन्तु समाज में जब तक वे अपना योगदान सुनिश्चित नहीं करती तब तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करना मुश्किल है। उन्होंने बेसिक साईंस, कम्प्यूटर साईंस, जियोलॉजी, एग्रीकल्चर, मेडिकल एवं अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं के योगदानों को रेखांकित किया।

प्रसिद्ध प्राणीशास्त्री डॉ अजीत हुन्डेत नें कहा कि - महिलाएं देश में आगें आ सकती है यदि सरकार उन्हें उपयुक्त वातावरण प्रदान करें, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें । उन्होंने कहा की शिक्षित महिलाएं आनें वाली पीढ़ियों को प्रेरित करके एवं लैंगिक असमानता को कम कर, सामाजिक परिवर्तन का माध्यम बनकर विकसित भारत में अपना बहुमूल्य योगदान दें सकती है।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. हित नारायण टण्डन, सहायक प्राध्यापक- प्राणीशास्त्र नें किया एवं आभार प्रदर्शन हरिराम साहू, सहायक प्राध्यापक सूक्ष्मजीव विज्ञान नें किया। इस अवसर पर रंगोली, पोस्टर्स एवं मॉडल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में रेणुका ग्रुप प्रथम, हिमांशी द्वितीय, श्रुति तृतीय स्थान पर रहें। पोस्टर प्रतियोगिता में रविकांत प्रथम, नेहा द्वितीय, पूनम तृतीय स्थान पर रहें ।वर्किंग मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम आलोक एवं समूह प्रथम, हरिश्चंद समूह द्वितीय, मानसी एवं समूह तृतीय स्थान पर रहें। नान -वर्किंग मॉडल प्रतियोगिता में छात्राजलि एवं समूह प्रथम, गनिता साहू द्वितीय, शीतल मारकण्डेय समूह तृतीय स्थान पर रहें। कार्यक्रम को सफल बनाने में एम.एस. साहू, श्रीमती शिबा वंजारी, डॉ. सरस्वती धृतलहरें, अमित टण्डन, कौस्तुभ तिवारी, कृपा राम साहू, राकेश कुमार सोनकर, लीना दिली, रेणु पाटले, हेमंत नंदा गौरी, डॉ. फिरोज सोनवानी, पवन कुमार ताम्रकार, विजय कुमार, हरि राम साहू एवं समस्त प्राध्यापकगण एवं कर्मचारियों की विशेष भूमिका रही।

## छत्तीसगढ़ के डीजीपी अरुण देव गौतम ने ली अधिकारियों की बैठक

**दंतेवाड़ा, 3 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।**



बस्तर संभाग से नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने के लिए दंतेवाड़ा जिले में आज सोमवार को एक बेहद अहम बैठक चल रही है। छत्तीसगढ़ के डीजीपी अरुण देव गौतम बस्तर संभाग के बस्तर, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर, कांकेर और कोंडागांव के एसपी एवं सीआरपीएफ के आला अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं। सूत्रों की मानें तो यह बैठक नक्सलियों के 'अंतिम प्रहार' की रणनीति बनाने के लिए बुलाई गई है। बता दे कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 31 मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। इस समय सीमा के करीब आते ही सुरक्षाबलों ने अपनी कार्रवाई की रफ्तार तेज कर दी है।



**जगदलपुर, 03 मार्च ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने 3 करोड़ 84 लाख के कार्यों का किया भूमिपूजन।

## छत्तीसगढ़ के बीजापुर के सेण्ड्रा में नवीन कैंप स्थापित, 2 नक्सल स्मारक ध्वस्त



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 3 मार्च।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के थाना फरसेगढ़ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सेण्ड्रा में 2 मार्च को नवीन सुरक्षा एवं जन-सुविधा कैम्प की स्थापना सफलता पूर्वक की गई। जिले में नक्सलियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु डीआरजी, जिला बल, छसबल 6 वी वाहिनी ÷सी÷ समवाय की संयुक्त टीमों द्वारा 2 मार्च 2026 को ग्राम सेण्ड्रा में नवीन कैम्प स्थापित किया गया है। यह उपलब्धि न केवल सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, बल्कि इससे क्षेत्रीय विकास को भी नई गति प्राप्त होगी। अंतर्राज्यीय संपर्क एवं आधारभूत संरचना का विस्तार के तहत भोपालपटनम् से फरसेगढ़, सेण्ड्रा तथा गढ़चिरौली को जोड़ने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण प्रगति है । छग. और महाराष्ट्र को जोड़ने वाली इन्द्रावती नदी पर पुल निर्माण का कार्य प्रगति पर है। आगामी समय में नेशनल पार्क क्षेत्र के सुदूर ग्रामों को सड़क एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त होगा, जिससे आवागमन एवं प्रशासनिक पहुंच में उल्लेखनीय सुधार होगा। वहीं थाना फरसेगढ़ क्षेत्रान्तर्गत सुरक्षा बलों की संयुक्त कार्यवाही के दौरान एड़ापल्ली के जंगलों में नक्सलियों द्वारा निर्मित 2 अवैध नक्सल स्मारक को सुरक्षाबलों द्वारा ध्वस्त कर दिया गया है। सुरक्षा बलों द्वारा क्षेत्र में नक्सली प्रभाव को समाप्त करने तथा आम नागरिकों में विश्वास बहाली हेतु सतत अभियान जारी है। नक्सल उन्मूलन में उल्लेखनीय उपलब्धियों के तहत वर्ष 2024 से अब तक बीजापुर जिले में कुल 36 नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित किए जा चुके हैं। इन सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप 918 नक्सली पुनर्वासित हुए है, 234 नक्सली विभिन्न मुठभेड़ों में मारे गए हैं तथा 1181 नक्सलियों को सुरक्षाबलों की प्रभावी कार्यवाही में गिरफ्तार किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन की ÷नियद नेल्ला नार÷ योजना के अंतर्गत थाना फरसेगढ़ क्षेत्र के ग्राम सेण्ड्रा में नवीन सुरक्षा कैम्प की स्थापना की गई। नवीन कैम्प की स्थापना से क्षेत्र में नक्सलियों की गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगेगा, नक्सल विरोधी अभियानों के संचालन में तेजी आएगी तथा आस-पास निवासरत ग्रामीणों को सड़क, पुल/पुलिया निर्माण, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधाएं, पीडीएस दुकानें, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं मोबाइल कनेक्टिविटी जैसी आवश्यक जन-सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। कैम्प स्थापना से क्षेत्र के आम नागरिकों में उत्साह एवं विश्वास का माहौल बना है।

### होलिका दहन कार्यक्रम में विधायक चैतराम, नपा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष भी हुए शामिल

# कैलाशनगर में धूमधाम से किया गया होलिका दहन

- सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की दी शुभकामनाएं

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 3 मार्च।** धर्म, सत्य और भक्ति की विजय के प्रतीक का पर्व होलिका दहन का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ कैलाश नगर में मनाया गया। यह दुसरा वर्ष था जब कैलाशनगर में होलिका दहन कार्यक्रम का भव्य आयोजन वार्ड पार्षद राजा शर्मा की ओर से रखा गया था।

होलिका दहन पर्व के मद्देनजर वार्ड नंबर 15 कैलाशनगर के रहवासियों ने उक्त स्थल की साफ सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था एक दिन पूर्व ही करवा लिया था। होलिका दहन के दिन युवा टीम मिलजुलकर सबके सहयोग से होलिका दहन की तैयारी में जूट गए थे। लाईटिंग एवं साउंण्ड सिस्टम की व्यवस्था की गई थी। होलिका दहन कार्यक्रम में शामिल होने एवं कार्यक्रम को देखने बड़ी संख्या में वार्डवासी एकत्र हुए थे। विधायक चैतराम अटामी मोहल्लेवासियों के विशेष निवेदन पर कैलाशनगर होलिका दहन के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। साथ ही नपा अध्यक्ष पायल गुप्ता एवं उपाध्यक्ष कैलाश मिश्रा, पार्षद अनिता शर्मा की भी उपस्थिति रही। रात्रि 11:30 बजे शुभ मुहूर्त में स्थानीय विधायक चैतराम अटामी, नपा अध्यक्ष पायल गुप्ता एवं उपा0कैलाश मिश्रा ने मंत्रोच्चचार कर होलिका कुण्ड के 7 फेरे लेकर भक्त प्रहलाद को याद कर होलिका दहन किया। जिसके उपरांत मोहल्ले की महिलाओं ने एवं अन्य भक्तगणों ने भी धूप, दीप, नैवेद्य जलाकर होलिका की पूजा की और जैसे ही होलिका जली उसके चारों ओर परिक्रमा कर लोगों ने अपने परिवार के सुख समृद्धि की कामना करते धुमधाम के साथ होलिका दहन पूजन किया। पूजन उपरांत मौजुद सभी लोगों को प्रसाद वितरण किया गया। जिसके बाद सभी ने एक दूसरे पर सूखा रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की पुरी तैयारी वार्ड पार्षद पंकज राजा शर्मा एवं कैलाशनगर निवासी गुडडा नाग द्वारा किया गया था। विधायक चैतराम अटामी ने इस अवसर पर उपस्थित सभी वार्डवासियों को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई एवं शुभकामनांए दी। होलिका दहन पश्चात महिलाओं एवं युवा होली रिमिक्स गाने पर नाचते थिरकते होली की मस्ती में सराबोर होते रहे।

### होली के पहले आबकारी विभाग ने विशेष अभियान चलाकर

# 47 हजार रुपए की 235 लीटर महुआ शराब जब्त की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 3 मार्च।** होली पर्व के मद्देनजर जिले में अवैध शराब के निर्माण, संग्रहण और बिक्री पर रोक लगाने के लिए प्रशासन पूरी तरह सख्त नजर आ रहा है। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन एवं सहायक आयुक्त आबकारी क्रिस्टोफर खलखो के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग ने विशेष अभियान चलाते हुए व्यापक कार्रवाई की। अभियान के तहत विगत एक-दो दिनों में कुल 15 प्रकरण दर्ज कर 235 लीटर महुआ शराब, जिसकी अनुमानित कीमत 47 हजार रुपये है, जब्त की गई।

कार्रवाई के दौरान पुरोहित भारद्वाज पिता तिहारू भारद्वाज निवासी अंबेडकर नगर रायगढ़ के कब्जे से 5.04 लीटर, उमेश दास पिता सोन दास ग्राम केनसरा थाना पुसौर से 10 लीटर तथा जय भारती बंजारे पति मनोहर जयसवाल ग्राम एड्डुपुल देहजरी थाना खरसिया से 11 लीटर महुआ शराब





जब्त की गई। उक्त आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) एवं 59 (क) के तहत प्रकरण कायम कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। इसी क्रम में मनशाराम चौहान पिता जगतुराम चौहान निवासी दुर्गापुर थाना धरमजयगढ़ के कब्जे से 4.500 लीटर तथा विजय मंडल पिता रूमचंद मंडल निवासी साहपुर कॉलोनी धरमजयगढ़ से 4 लीटर महुआ शराब जब्त कर प्रकरण दर्ज किया गया है। शेष मामलों में विभाग द्वारा विवेचना जारी है। सहायक आयुक्त आबकारी ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय पर सख्ती से रोक लगाने हेतु लगातार अभियान जारी रहेगा।

## ऐश डाइक से राखड़ उड़ने की शिकायत पर प्रशासन सख्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 3 मार्च।** रायगढ़ जिले के तमनार स्थित मेसर्स जिंदल पॉवर लिमिटेड, थर्मल पावर प्लांट की ऐश डाइक से राखड़ आसपास के गांवों में उड़ने की शिकायत प्राप्त होने पर जिला प्रशासन ने तत्परता से संज्ञान लिया है। शिकायत कलेक्टर रायगढ़ को प्राप्त होते ही इस मामले की जांच के संबंधित विभाग को निर्देश दिए गए।

निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायगढ़ के दल द्वारा प्रभावित क्षेत्र ग्राम कुंजेमुरा का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान टीम ने ऐश डाइक की स्थिति, राखड़ प्रबंधन व्यवस्था तथा आसपास के क्षेत्र में पर्यावरणीय प्रभाव का अवलोकन किया। स्थानीय ग्रामीणों से भी चर्चा कर उनकी



समस्याएं सुनी गईं। प्राथमिक जांच में राखड़ उड़ने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उद्योग प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। पर्यावरण मानकों के अनुरूप ऐश डाइक का समुचित संधारण, नियमित जल छिड़काव, हरित पट्टी विकास तथा धूल नियंत्रण के प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही, पर्यावरणीय नियमों के उल्लंघन की स्थिति में नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है।

जिला प्रशासन ने विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि आमजन के स्वास्थ्य एवं पर्यावरण सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। औद्योगिक इकाइयों को पर्यावरणीय प्रावधानों का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें। विभाग के अधिकारी ने बताया कि प्रशासन द्वारा आगे भी सतत निगरानी रखी जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर फिर से निरीक्षण कर स्थिति की समीक्षा की जाएगी, ताकि ग्रामीणों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

## एक नजर

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा 1204 ने दी

**धमतरी, 3 मार्च ।** विकासखण्ड नगरी के अंतर्गत संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं के कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु 01 मार्च 2026 को परीक्षा आयोजित की गई।

यह परीक्षा जिले के पांच केन्द्रों में सम्पन्न हुई, जिनमें मेनोनाईट हिन्दी उ.मा.वि. धमतरी, मॉडल इंग्लिस हायर सेकेण्डरी स्कूल सोरिद नगर धमतरी, नारायण राव मेघावाले शा. कन्या महाविद्यालय धमतरी, सरस्वती शिशु मंदिर उ.मा.वि. आमातालाब धमतरी एवं सर्वोदय इंग्लिस हायर सेकेण्डरी स्कूल हटकेशर धमतरी शामिल हैं सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, नोडल अधिकारी, प्रेक्षक एवं केन्द्राध्यक्षों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्राक्कयन परीक्षा के लिए कुल 1302 छात्र-छात्राओं से आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से 1204 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि 98 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में सम्पन्न हुई। परीक्षा केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं तथा अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा गया।विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी ढंग से की जाएगी तथा चयन सूची निर्धारित मापदंडों के अनुसार जारी की जाएगी।

### जिला खनिज न्यास निधि से संचालित नव संकल्प शिक्षण संस्थान बना बदलाव की मिसाल

**जशपुरनगर, 3 मार्च।** संसाधनों के समुचित और पारदर्शी उपयोग से समाज में व्यापक परिवर्तन की मजबूत नींव रखी जा सकती है। इसका उत्कृष्ट उदाहरण जशपुर का नव संकल्प शिक्षण संस्थान है, जिसकी उपलब्धियों को हाल ही में आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय छत्तीसगढ़ द्वारा जारी आर्थिक सर्वेक्षण वर्ष 2025-26 में प्रमुखता से स्थान दिया गया है। आर्थिक सर्वेक्षण के पृष्ठ क्रमांक 189 में उल्लेख किया गया है कि खनिज विभाग अंतर्गत संचालित जिला खनिज न्यास निधि के माध्यम से जिला प्रशासन जशपुर द्वारा संचालित नव संकल्प शिक्षण संस्थान, दुर्गम एवं जनजातीय क्षेत्रों से आने वाली छात्राओं को निःशुल्क भोजन एवं छात्रावास की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। इस पहल का सकारात्मक परिणाम यह रहा कि जिले की 50 छात्राओं का चयन नगर सैनिक के पद हेतु हुआ।रक्षाबंधन के दिन जारी हुए इस परिणाम को स्वयं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा करते हुए छात्राओं को बधाई दी थी। उल्लेखनीय है कि इस संस्थान की आधारशिला भी वर्तमान मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संसदीय कार्यकाल के दौरान रखी थी। वर्तमान में यह संस्थान कलेक्टर श्री रोहित व्यास एवं जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है। जनजातीय बहुल जशपुर जिले में यह संस्थान शिक्षा और मार्गदर्शन के माध्यम से एक सकारात्मक क्रांति का सूत्रपात कर रहा है। संस्थान के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में 65 छात्र चयनित होकर सेवाएं दे रहे हैं। इसके अतिरिक्त शिक्षक भर्ती, आर्मी, सहायक प्राध्यापक एवं विभिन्न प्रशासनिक पदों पर भी संस्थान के विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत और समर्पण से सफलता अर्जित की है। नव संकल्प शिक्षण संस्थान आज जशपुर जैसे दूरस्थ और जनजातीय क्षेत्र में प्रतिभाओं को अवसर प्रदान कर उन्हें बेहतर भविष्य की दिशा में अग्रसर कर रहा है। यह संस्थान न केवल शिक्षा, बल्कि आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का भी सशक्त केंद्र बनकर उभर रहा है।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनीं आमजन की समस्याएं, त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 3 मार्च।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने कलेक्टोरेट परिसर में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में आमजन की शिकायतें एवं समस्याएं गंभीरता से सुनीं। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं कलेक्टर के समक्ष रखीं। जनदर्शन में मुख्य रूप से राजस्व प्रकरण, आर्थिक सहायता सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पेयजल व्यवस्था, सड़क निर्माण, विद्युत आपूर्ति सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुएं। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रत्येक आवेदन पर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करने एवं समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनदर्शन का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान करना है।

जनदर्शन में मदनपुर-खरसिया निवासी संतोषी महंत ने उपचार हेतु आर्थिक सहायता की मांग की। उन्होंने बताया कि वे ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित हैं और चिकित्सकों द्वारा उपचार में लगभग दो लाख रुपये खर्च बताया गया है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे उपचार कराने में असमर्थ हैं। इस पर



कलेक्टर ने सीएमएचओ को आवेदन पर विचार कर मरीज के समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत पटेलपाली के ग्रामीणों ने पेयजल उपलब्ध कराने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि गांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्य तो कराया गया है, लेकिन आज तक योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल सका है। अधूरे कार्य के कारण पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है तथा गर्मी के मौसम में ग्रामीणों को दो से तीन किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ता है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत परसदा के सरपंच ने भी जल जीवन मिशन के अधूरे निर्माण कार्य को पूर्ण कराने की मांग की। उन्होंने बताया कि आश्रित ग्राम मुरालीपाली में नल-जल योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने के दौरान ठेकेदार द्वारा गांव की नाली तोड़ दी गई, जिसे अब तक पूर्ण नहीं किया गया है, जिससे ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। इस पर कलेक्टर ने ईईपीएचई को प्रकरण की जांच कर शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

ग्राम पंझर निवासी पीललाल ने ऑनलाइन भू-अभिलेख (भुईंया) में भूमि स्वामी के नाम में त्रुटि सुधार कराने हेतु आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि उनकी पैतृक भूमि पंझर में स्थित है, किंतु ऑनलाइन राजस्व अभिलेख में गलत नाम दर्ज हो गया है। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को आवेदन की जांच कर नियमानुसार निराकरण करने के निर्देश दिए। वहीं ग्राम महापल्ली, पोस्ट लोईंग के ग्रामीण भू-अर्जन मुआवजा राशि दिलाने की मांग लेकर जनदर्शन में पहुंचे। उन्होंने बताया कि लगभग दस वर्ष पूर्व महापल्ली से सियारपाली मार्ग निर्माण हेतु शासन द्वारा उनकी भूमि का अधिग्रहण किया गया था। उन्होंने शासन के कार्य में पूर्ण सहयोग किया, किंतु अब तक मुआवजा राशि प्राप्त नहीं हुई है, जिससे उन्हें आर्थिक एवं मानसिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने शीघ्र मुआवजा दिलाने की मांग की, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग को प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### हायर सेकंडरी परीक्षा के दौरान उड़नदस्ता ने केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

**अम्बिकापुर, 3 मार्च।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा संचालित हायर सेकण्डरी सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा 2026 का 02 मार्च 2026 को 71 परीक्षा केन्द्रों में गणित, कम्प्यूटर एप्लीकेशन, भारतीय संगीत, चित्रकला, नृत्य कला, स्टेनो टायपिंग, कृषि, गृह विज्ञान, वाणिज्यिक गणित, औद्योगिक संगठन के मूल तत्व विषय की परीक्षा संपन्न हुआ। कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा गठित उडनदस्ता टीम द्वारा परीक्षा केन्द्र शा.उ.मा.वि. लहपटरा, लटोरी, उदारी, कुन्दीकला, बालक बतौली, मंगारी, बोदा, प्रभात उ.मा.वि.राई का निरीक्षण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी अम्बिकापुर के गठित उडनदस्ता टीम द्वारा शा.उ.मा.वि. केदरापुर, सरस्वती शिशु मंदिर अम्बिकापुर, विवेकानंद विद्या उ.मा.वि. अम्बिकापुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

## नगरी में कलेक्टर ने लाइब्रेरी एवं को-वर्किंग स्पेस का किया निरीक्षण

**धमतरी, 3 मार्च ।** जिले के नगरी विकासखंड प्रवास के दौरान कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने युवाओं के शैक्षणिक एवं रोजगारोन्मुखी गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नगरी में संचालित लाइब्रेरी एवं को-वर्किंग स्पेस का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने अध्ययनरत विद्यार्थियों एवं स्वरोजगार से जुड़े युवाओं से सीधे संवाद कर उनकी आवश्यकताओं, चुनौतियों एवं भविष्य की योजनाओं की जानकारी ली।

लाइब्रेरी निरीक्षण के दौरान कलेक्टर मिश्रा ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए कहा कि सफलता के लिए नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन, सकारात्मक सोच और स्पष्ट लक्ष्य निर्धारण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने युवाओं को अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुरूप परीक्षाओं का चयन कर सुनियोजित रणनीति के साथ तैयारी करने की सलाह दी। साथ ही समसामयिक विषयों, दैनिक समाचार पत्रों एवं संदर्भ पुस्तकों के नियमित अध्ययन पर विशेष बल दिया। अध्ययनरत छात्र दमेश्वर कुमार ने बताया कि वे व्यापम की परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं और लाइब्रेरी में उपलब्ध संसाधनों से उन्हें काफी लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि शांत, अनुशासित एवं प्रेरणादायक वातावरण के साथ पर्याप्त पुस्तकों, समाचार पत्रों और सुव्यवस्थित अध्ययन कक्ष की सुविधा से उनकी तैयारी अधिक प्रभावी हुई है। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले युवाओं को भी इस पहल से विशेष लाभ मिल रहा है। विद्यार्थियों ने इस सुविधा के लिए जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके पश्चात कलेक्टर श्री मिश्रा ने नगरी में संचालित को-वर्किंग स्पेस का अवलोकन किया। यहां विभिन्न डिजिटल एवं ऑनलाइन गतिविधियों से जुड़े युवाओं से चर्चा करते हुए उन्होंने नवाचार एवं स्वरोजगार के अवसरों को अपनाने हेतु प्रेरित किया। युवक नीलकंठ रात्रि ने बताया कि वे मेट्रो मनी नामक वेबसाइट का संचालन कर रहे हैं।

## शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करें:कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 3 मार्च ।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने आज जिला कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर विभागीय कार्यों, योजनाओं एवं कार्यक्रमों के मैदानी क्रियान्वयन की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित की जाए। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धि की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह शासन की महत्वाकांक्षी योजना है और इसके क्रियान्वयन में गंभीरता आवश्यक है। जिन हितग्राहियों ने किश्त प्राप्त करने के बावजूद आवास निर्माण



कार्य में रुचि नहीं दिखाई है, उनकी सूची संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों को प्रेषित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने कहा कि जिले में संचालित उद्योगों में बड़ी संख्या में श्रमिक कार्यरत हैं। ऐसे में औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी एसडीएम को समस्त औद्योगिक इकाइयों की सतत जांच एवं निगरानी करने तथा साप्ताहिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही नेटवर्क विहीन क्षेत्रों की सूची उपलब्ध कराने को कहा गया, ताकि वहां मोबाइल टावर स्थापना की पहल की जा सके। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड पंजीयन एवं पीवीसी कार्ड वितरण, नवीन आधार पंजीयन तथा सत्यापन की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि जिन खातों में लंबे समय से लेन-देन नहीं हुआ है या जिनकी केवाईसी अद्यतन नहीं है, उनकी पहचान कर संबंधित बैंक शाखाओं के समन्वय से शीघ्र सक्रिय कराया जाए। उन्होंने राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान भू-अभिलेख अद्यतीकरण, लैंड बैंक का भौतिक सत्यापन तथा राजस्व अभिलेख दुरुस्ती की प्रगति की जानकारी और कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

बैठक में भारत सरकार की प्रधानमंत्री श्रम-योगी मानधन योजना एवं एनपीएस ट्रेडर्स योजना के अंतर्गत असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के पंजीयन की भी समीक्षा की गई। पात्र श्रमिकों को अंशदान के आधार पर 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 3 हजार रुपये प्रतिमाह न्यूनतम पेंशन का लाभ दिलाने पर जोर दिया गया। इसके साथ ही जल संचय जनभागीदारी पोर्टल में प्रविष्टियों की स्थिति, पीएम किसान योजना अंतर्गत संदिग्ध प्रकरणों के सत्यापन कार्य, शासकीय उचित मूल्य दुकानों में अनियमितताओं पर की गई ।

## जनता की समस्याएं हल करने 6 मार्च से तहसील मुख्यालयों में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों की शुरुआत

**रायगढ़, 3 मार्च ।** राज्य शासन की मंशानुरूप आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी निराकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा 6 मार्च 2026 से जिले के विभिन्न तहसील मुख्यालयों में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। ÷प्रशासन पहुंचेगा जनता के द्वार÷ की अवधारणा के तहत आयोजित इन शिविरों में नागरिक अपनी मांग, शिकायत, आवेदन एवं आवश्यकताओं से संबंधित प्रकरण सीधे जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों के समक्ष प्रस्तुत कर सकेंगे।

कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), जिला स्तरीय अधिकारियों, राजस्व अधिकारियों एवं सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा है कि शिविरों का उद्देश्य केवल आवेदन प्राप्त करना नहीं, बल्कि अधिकतम प्रकरणों का निराकरण शिविर स्थल पर ही सुनिश्चित करना है, ताकि आमजन को कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें।

कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि शिविर की जानकारी संबंधित तहसील के प्रत्येक ग्राम तक अनिवार्य रूप से पहुंचाई जाए। इसके लिए कोटवारों के माध्यम से मुनादी कर तिथि, स्थान एवं प्रक्रिया की सूचना दी जाएगी। साथ ही ग्राम पंचायत एवं जनपद पंचायत स्तर पर आवेदन संकलन, पंजीयन एवं संबंधित विभागों को समयबद्ध प्रेषण की सुव्यवस्थित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि सभी विभाग अपने-अपने स्टॉल शिविर स्थल पर सुव्यवस्थित रूप से स्थापित करें, ताकि शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन को एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सके।जिले में शिविरों का आयोजन विकासखण्ड धरमजयगढ़ के तहसील मुख्यालय प्रांगण कापू में 6 मार्च को प्रारंभ होगा। इसके बाद 12 मार्च को मुकडेगा (लैलूंगा), 13 मार्च को तमनार, 19 मार्च को पुसौर, 20 मार्च को छाल (धरमजयगढ़), 27 मार्च को लैलूंगा, 2 अप्रैल को घरघोड़ा और 4 अप्रैल को खरसिया तहसील मुख्यालय में शिविर आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक शिविर में संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की गई है।शिविर में प्राप्त आवेदनों को मांग एवं शिकायत श्रेणी में वर्गीकृत कर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। जिन प्रकरणों का निराकरण शिविर दिवस पर संभव होगा, उसकी जानकारी तत्काल आवेदक को दी जाएगी तथा शेष प्रकरणों के लिए निश्चित समय-सीमा निर्धारित कर सूचित किया जाएगा। शिविर में प्राप्त आवेदनों की श्रेणीवार निराकरण रिपोर्ट शिविर तिथि से एक सप्ताह के भीतर संबंधित मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा संपूर्ण प्रक्रिया की सतत मॉनिटरिंग की जाएगी।

## पीएम विद्यालय भांसी में वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव मनाया गया



**बचेली, 3 मार्च।** पीएम श्री विद्यालय भांसी में वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम उपस्थित रहे। इसके साथ ही भांसी उपसरपंच राजू तेलम, गामावाड़ा सरपंच सुनील भास्कर, एसडीओपी किरंदुल एवं भांसी टीआई सहित अनेक गणमान्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि के स्वागत से हुई। आश्रम के बच्चों ने आदिवासी वेशभूषा धारण कर पारंपरिक ढोल नृत्य के साथ मुख्य गेट से मंच तक अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें मंच तक लाया, जिसने कार्यक्रम में सांस्कृतिक माहौल को जीवंत बना दिया।इसके पश्चात बच्चों द्वारा आयोजित टीएलएम मेले में व्यावसायिक शिक्षा से संबंधित विभिन्न मॉडल और प्रदर्शन लगाए गए। बच्चों ने जोड़ने की मशीनों, आदिवासी भाषा के ज्ञान तथा पारंपरिक आदिवासी व्यंजनों – जैसे चापड़ा चटनी एवं महुआ से बने खाद्य पदार्थों – के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुख्य अतिथि को इन व्यंजनों का स्वाद लेने के लिए आमंत्रित किया गया, जिसकी उन्होंने सराहना करते हुए बच्चों के प्रयासों की प्रशंसा की।सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने आकर्षक आदिवासी नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि ने बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम, उनकी प्रतिभा और पारंपरिक व्यंजनों की सराहना करते हुए शिक्षा एवं सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया तथा विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।

### 6 मार्च को पीएम आवास की लॉटरी का आयोजन

**भिलाई, 4 मार्च।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत ए.एच.पी. किफायती आवास, मोर मकान-मोर आस एवं मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक से निर्मित आवासों का आबंटन 6 मार्च को किया जाएगा। आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के निर्देशानुसार निगम सभागार कक्ष में 6 मार्च को दोपहर 12=30 बजे लॉटरी प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। नियमानुसार लॉटरी पद्धति के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को आवास आवंटित किए जाएंगे।

## लैलूंगा की दीदियों के बनाए 5 क्विंटल हर्बल गुलाल में से 4 क्विंटल की बिक्री

**रायगढ़, 3 मार्च ।** जिले में इस बार होली का रंग कुछ खास है। रासायनिक रंगों की जगह प्राकृतिक और हर्बल गुलाल ने बाजार में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। इस सकारात्मक बदलाव की अगुवाई कर रही हैं लैलूंगा क्षेत्र की स्व-सहायता समूहों की महिलाएं, जिन्होंने जैविक और सुरक्षित गुलाल तैयार कर आर्थिक सशक्तिकरण की नई मिसाल पेश की है।

जिला कलेक्टोरेट परिसर में लगाए गए स्टॉल पर अधिकारियों, कर्मचारियों और बाहर से आए ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक हर्बल गुलाल की खरीदी की। प्राकृतिक रंगों की गुणवत्ता और सुरक्षा को देखते हुए लोगों में विशेष आकर्षण देखा गया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संचालित दिव्या स्व-सहायता समूह सलखिया एवं संतोषी स्व-सहायता समूह रूडूकेला की महिलाओं ने मिलकर पूरी तरह प्राकृतिक तत्वों से हर्बल गुलाल तैयार किया है। हल्दी, चुकंदर, लालभाजी, पालक भाजी, परसा फूल, संतरे के छिलके, लेमनग्रास तथा अन्य रंग-बिरंगे



फूलों से तैयार यह गुलाल पूरी तरह रासायनिक मुक्त है और त्वचा के लिए सुरक्षित है।

महिलाओं ने लगभग एक माह पूर्व इस सीजनेबल व्यवसाय की शुरुआत की। त्योहारी मांग को ध्यान में रखते हुए 5 क्विंटल हर्बल गुलाल का उत्पादन किया गया, जिसमें से अब तक 4 क्विंटल की बिक्री हो चुकी है। जनपद पंचायत लैलूंगा परिसर में भी स्टॉल लगाकर अच्छी बिक्री की गई थी। वहीं कलेक्टोरेट परिसर में भी बड़ी संख्या में खरीदारों ने उत्साह दिखाया। एक दिन में हजारों रुपए का कारोबार कर समूह की महिलाओं का आत्मविश्वास और बढ़ गया है।कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने स्टॉल का अवलोकन कर महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। स्व-सहायता समूहों को विभिन्न आयमूलक गतिविधियों से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। इस प्रकार के नवाचार न केवल महिलाओं की आय बढ़ाते हैं, बल्कि समाज को सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल विकल्प भी प्रदान करते हैं। समूह की सदस्यों मीना कुमारी पैकरा, राम कुमारी पैकरा एवं आरती पटेल ने बताया कि जैविक गुलाल निर्माण के लिए उन्हें विशेष प्रशिक्षण मिला है तथा जिला प्रशासन का निरंतर सहयोग प्राप्त हो रहा है। हर्बल गुलाल के अलावा समूह गांव स्तर पर टेंट सेवा, सामाजिक आयोजनों में सहभागिता तथा छत ढलाई हेतु सेंटरिंग कार्य भी कर रहा है। इससे समूह की आय के विविध स्रोत विकसित हुए हैं।समूह का मार्गदर्शन कर रहीं श्रीमती मंदाकिनी गुप्ता और कलावती सिदार ने बताया कि लैलूंगा, घरघोड़ा एवं तमनार जैसे वनांचल क्षेत्रों में स्व-सहायता समूह अत्यंत सक्रिय हैं और शासन की योजनाओं का लाभ लेकर 'लखपति दीदी' बनने की दिशा में अग्रसर हैं। हर्बल गुलाल की बढ़ती मांग इस बात का संकेत है कि लोग अब स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति सजग हो रहे हैं ।

# होली सद्भाव, अपनत्व और गिले-शिकवे भुलाने का पर्व है : सीएम साय

**रायपुर, 3 मार्च।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज रायपुर प्रेस क्लब द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह ÷रंगोत्सव÷ एवं ÷महामूर्ख सम्मेलन 2026÷ में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे को सुदृढ़ करने का पावन अवसर भी है। यह पर्व हमें छोटी-छोटी अनबन और गिले-शिकवे भुलाकर नए सिरे से संबंधों को मजबूत करने की प्रेरणा देता है।



मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि रायपुर प्रेस क्लब में पर्वों को मिल-जुलकर मनाने की एक गौरवशाली परंपरा रही है। रायपुर प्रेस क्लब वर्षों से होली मिलन और सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने का कार्य कर रहा है, यह परंपरा आगे भी निरंतर जारी रहनी चाहिए। उन्होंने प्रेस क्लब परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कामना की कि यह उल्लासपूर्ण पर्व सभी के जीवन में नई ऊर्जा, उत्साह और सकारात्मकता लेकर आए। इस दौरान रायपुर प्रेस क्लब के सदस्यों ने मुख्यमंत्री श्री साय का अनूठे अंदाज में मिर्ची की माला पहनाकर तथा त्रिशूलनुमा पिचकारी भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने प्रेस क्लब के होली विशेषांक 'नानसेंस टाइम्स' का विमोचन भी किया।

होली मिलन समारोह में उमंग का तब अनोखा वातावरण देखने को मिला, जब मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने स्वयं नगाड़ा बजाकर उत्सव का जोश दोगुना कर दिया। मुख्यमंत्री के नगाड़ा बजाते ही समारोह में उपस्थित पत्रकारों और अतिथियों ने तालियों से उत्साह व्यक्त किया और पूरे परिसर में आनंद की लहर दौड़ गई। पारंपरिक ढोल-नगाड़ों की धुन पर मुख्यमंत्री भी पत्रकार साथियों के साथ फाग गीतों और होली के उल्लास में सहभागी बने। कार्यक्रम में संगीत, संस्कृति और आपसी भाईचारे का सुंदर संगम देखने को मिला। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार श्री पंकज झा, मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री आर कृष्णा दास, राजनांदगांव सांसद श्री संतोष पांडेय, विधायक श्री सुनील सोनी, श्री मोतीलाल साहू, रायपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष श्री मोहन तिवारी सहित अन्य पत्रकारगण, जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## धरसींवा में होली मिलन समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

# होली खुशियों और जुड़ाव का अवसर, किसानों की समृद्धि से बढ़ा उत्साह : मुख्यमंत्री साय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 3 मार्च।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज धरसींवा विधानसभा क्षेत्र में विधायक श्री अनुज शर्मा द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में शामिल हुए और क्षेत्रवासियों के साथ होली की खुशियाँ साझा कीं। मुख्यमंत्री ने आयोजन में आमंत्रित किए जाने पर विधायक श्री अनुज शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए सभी उपस्थितजनों को होली की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करने का पर्व है। यह हमें मन-मुटाव भुलाकर एक-दूसरे के साथ मिलकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि होलिका बुराई का प्रतीक है, जिसका दहन कर हमें जीवन में अच्छाई, सकारात्मकता और खुशहाली को अपनाना है तथा सबके सहयोग से छत्तीसगढ़ को विकास के पथ पर आगे बढ़ाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष 4 मार्च को होली का पर्व है और इसका उत्साह अभी से दिखाई देने लगा है। उन्होंने बताया कि हाल ही में कृषक उन्नति




योजना के अंतर्गत किसानों के खातों में राशि अंतरित की गई है, जिससे किसानों में विशेष उत्साह है और इस बार प्रदेश में होली का पर्व और अधिक उल्लासपूर्ण माहौल में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि होली सामाजिक और पारिवारिक जुड़ाव का अवसर भी है, जो समाज में आत्मीयता और विश्वास को मजबूत करता है।

विधायक श्री अनुज शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा किसानों के खातों में सहायता राशि अंतरित किए जाने से किसानों में खुशी का माहौल है और वे इस वर्ष होली का त्योहार अधिक आनंद और उत्साह के साथ मना रहे हैं। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक फाग गीत प्रस्तुत कर वातावरण को उत्सवमय बना दिया, जिससे पूरा परिसर होली के रंग में सराबोर हो गया।

सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने भी क्षेत्रवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर विधायक श्री मोतीलाल साहू, श्री पुरंदर मिश्रा, फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष सुश्री मोना सेन सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित थे।

## श्रमिकों को 1.51 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता




**रायपुर, 3 मार्च।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप सशक्त श्रमिक, समृद्ध छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करने हेतु श्रम विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 में प्रभावी पहल की गई है। इस अवधि में महासमुंद जिले के 3106 श्रमिकों एवं उनके परिवारों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से कुल 1 करोड़ 51 लाख 57 हजार 630 रुपए की राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के जरिए सीधे बैंक खातों में अंतरित की गई। दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना अंतर्गत एक महिला हितग्राही को 1 लाख रुपए की सब्सिडी पर ई-रिक्शा प्रदान कर स्वरोजगार से जोड़ा गया। मिनीमाता महतारी जतन योजना से 93 शिशुवती महिलाओं को 18.60 लाख रुपए की सहायता दी गई। मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के तहत 29 परिवारों को 29 लाख रुपए प्रदान किए गए। नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना से 2502 विद्यार्थियों को 50.12 लाख रुपए की शैक्षणिक सहायता मिली। इसके अतिरिक्त श्रमिक औजार, सियान, नोनी सशक्तिकरण एवं सायकल सहायता योजनाओं से भी पात्र हितग्राही लाभान्वित हुए। हितग्राही श्रीमती लीला महानंद ने ई-रिक्शा प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनने पर राज्य शासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## 100 लीटर मदिरा एवं 1000 किलो महुआ लाहन जब्त

**रायपुर,3 मार्च।** राजनांदगांव जिले में अवैध मदिरा विक्रेताओं के विरुद्ध सतत कार्रवाई की जा रही है। आबकारी विभाग राजनांदगांव एवं रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट राजनांदगांव की संयुक्त टीम ने रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 1 पर कार्रवाई करते हुए भिलाई पावर हाउस, संतोषी पारा वार्ड क्रमांक 24, थाना भट्टी जिला दुर्ग निवासी आरोपी कौशल के कब्जे से 7.680 बल्क लीटर महाराष्ट्र निर्मित देशी-विदेशी मदिरा जब्त की। जब्त मदिरा में एमसी डॉवेल्स नंबर 1 व्हिस्की, मैजिक मोमेंट, रॉयल चौलेंजर, देशी दारू मीठी सौंफ, फिरकी संत्री एवं सेवन स्टार पंच शामिल हैं। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार ग्राम बरनालाकला नाला किनारे से 100 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब एवं 1000 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई। अवैध मदिरा विक्रय की रोकथाम हेतु होटल एवं ढाबों का नियमित निरीक्षण जारी है।



## गोंड महासभा धमधागढ़ युवा प्रभाग अध्यक्ष दिलीप ध्रुव नियुक्त



**रायपुर 3 मार्च।** केन्द्रीय गोंड महासभा धमधागड के केन्द्रीय अध्यक्ष माननीय श्री एम डी ठाकुर जी ने केन्द्रीय गोंड महासभा धमधागड युवा प्रभाग अध्यक्ष दिलीप ध्रुव जी को नियुक्त किया गया इनकी नियुक्ति पर छत्तीसगढ़ के समस्त गोंड समाज लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है और महासभा प्रमुख पदाधिकारी गण समाज से जुड़े प्रमुख जनों ने दिलीप ध्रुव कि नियुक्ति पर बधाई दि है बधाई देने वाले में प्रमुख रूप से पन्नालाल नेताम सीता राम ठाकुर तुलसी ध्रुव हेमंत ठाकुर बबलु ध्रुव सुनील उईके संजय मंडावी युवाराज कुंजाम जितेंद्र ध्रुव लखन ध्रुव ललित नेताम वेदप्रकाश ध्रुव राकेश मंडावी हितेश सिंह तुषार ठाकुर अजय ध्रुव संतोष ध्रुव नोहर ठाकुर भगवत मरकाम निर्मल ठाकुर एवं केन्द्रीय गोंड महासभा अध्यक्ष एवं पदाधिकारी गण के प्रति आभार व्यक्त किया

## शत्रुहन यदु को भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा नेवरा/रायपुर 3 मार्च।** भारतीय जनता पार्टी जिला रायपुर ग्रामीण ओबीसी मोर्चा की नई कार्यकारिणी की घोषणा के साथ ही संगठन में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। तिल्दा क्षेत्र के पूर्व जनपद सदस्य व वर्तमान जनपद सदस्य प्रतिनिधि शत्रुहन यदु को ओबीसी मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी से क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष तिलक साहू द्वारा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव और प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय के मार्गदर्शन में तथा प्रदेश ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष अशोक साहू के निर्देश एवं जिला अध्यक्ष श्याम नारंग की सहमति से नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। नियुक्ति के बाद शत्रुहन यदु ने पार्टी शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वे संगठन की मजबूती और ओबीसी वर्ग के हितों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि पार्टी की रीति-नीति और जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उनकी नियुक्ति पर ओबीसी मोर्चा तिल्दा ग्रामीण अध्यक्ष तखत साहू, महामंत्री डाकेश वर्मा, गौकरण साहू, तिल्दा शहर अध्यक्ष रेवा राम धीवर, मंडल अध्यक्ष नरसिंह वर्मा, मंडल महामंत्री टेकराम यादव ,दिनेश गायकवाड़, पूर्व मंडल अध्यक्ष भागबली साहू, ग्रामीण युवा मोर्चा अध्यक्ष हरीश वर्मा, शहर मोर्चा अध्यक्ष दीपक वर्मा, यश निर्मलकर, संदीप यदु, तिलेश निर्मलकर, धनुष साहू, रामजी साहू ,केशव निषाद रोवेल सोनवानी ,टीकम वर्मा सहित अनेक पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। नई जिम्मेदारी के साथ शत्रुहन यदु अब संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने की रणनीति में जुट गए हैं।

## पलाश के फूलों से तैयार रंग से मांईजी खेलती हैं होली

**दंतेवाड़ा, 03 मार्च।** दक्षिण बस्तर की ऐतिहासिक फागुन मंडई मांईजी आमंत्रित देवी-देवताओं के साथ पलाश के फूलों से तैयार प्राकृतिक रंगों से होली खेलती हैं। इसके अलावा होलिका दहन स्थल में ताड़ के पत्तों की राख से भी होली खेली जाती है। पलाश के फूलों से राउत परिवार के सदस्य रंग तैयार करते हैं। यहां कृत्रिम रंगों का प्रयोग नहीं होता।


न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी निपनिया, जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. ..................
ब/121 वर्ष 2025-2026
ग्राम का नाम सेम्हराडीह

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामायण यादव पिता स्व. मतवार यादव जाति रावत निवासी ग्राम सेम्हराडीह प.ह.नं. 22 तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़) के द्वारा अपने (स्वयं) रामायण यादव पिता श्री मतवार यादव माता का नाम श्रीमती सुकरिया यादव का जन्म दिनांक 15.01.1971 (स्थान) ग्राम सेम्हराडीह का पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु सचिव ग्राम पंचायत सेम्हराडीह तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ.ग. जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत शपथपत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, सरपंच प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है तथा दिनांक 06/03/26 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 06/03/26 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 19/2/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया।

मुहर

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
निपनिया(छत्तीसगढ़)


## एक नजर

### जटकन्हार डोंगरगढ़ स्टेशन के मध्य अज्ञात व्यक्ति का मिला शव

**डोंगरगढ 3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** स्टेशन प्रबंधक दपूम रेलवे डोंगरगढ़ से एक लिखित मेमो प्राप्त हुआ कि एक अज्ञात व्यक्ति का श (पुरूष) अप लाईन जटकन्हार डोंगरगढ़ स्टेशनों के बीच किमी 926/11-13 के पास पड़ा है। कि सूचना पर घटना स्थल क निरीक्षण किया जहां पाया गया कि एक व्यक्ति पुरूष उम्र लगभग 45 से 50 वर्ष का, जो दो पटरियों के मध्य नग्न अवस्था पड़ा हुआ है। जिसका बांया हाथ धड़ से अलग व सिर कटा हुआ है और सिर का उपर का हिस्सा आधा बाडी से थोड़े दू पर पड़ा हुआ है, बाडी खंम्भा न0-926/5 के पास व पुरी घटना एवं बाडी के कुछ छोटे अंग 926/6 से 926/11 तक फैल् हुये है। मृतक का कत्था रंग का पैंट व चप्पल व नीले रंग का फ्टा शर्ट को एक पन्नी में पैक कर सुरक्षार्थ रखवाया गया है जिसकी मर्ग कायम कर अज्ञात मृतक पुरूष के परिजनों का पता तलाश किया जा रहा है। अतः आप अपने-अपने थाना/चौकी क्षेत्रान्तर्गत में अज्ञात मृतक पुरूष के संबंध में पतासाजी करावे पता चलने पर थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ0ग0) को सूचित करें।

### राज्यपाल ने रेडक्रॉस सोसायटी संरक्षक के रूप में सदस्यता ग्रहण की

**रायपुर, 3 मार्च।** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज रेडक्रॉस सोसायटी के संरक्षक के रूप में सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने संरक्षक सदस्य के रूप में आज कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह को 25 हज़ार रुपये का चेक प्रदान किया। इस दौरान राज्यपाल ने रेडक्रॉस की वर्तमान गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा की। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथिलेश चौधरी भी मौजूद रहे।



**तिल्दा 3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम जोता के युवा सरपंच देवेन्द्र वर्मा जी ने अपने जन्म दिन के अवसर पर अपने ग्राम के प्राथमिक शाला में नेवता भोज का कार्यक्रम रखा जहाँ बच्चों को कॉपी,पेन,टाई इत्यादि वितरण कर बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित किया । इस अवसर पर सम्मिलित हुआ तथा ग्राम जोता के उपसरपंच व पंचगण तथा ग्राम ताराशिव के सरपंच पूर्णिमा मनीष वर्मा जी उपस्थित रहे । आपके दीपक वर्मा - युवा अध्यक्ष - छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज तिल्दा राज ।



**डोंगरगढ 3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** स्टेशन में चेकिंग दौरान सिटी बुकिंग काउंटर डोंगरगढ़ के पास एक बिमार व्यक्ति बैठा मिला जिसे स्वांस लेने मे दिक्कत हो रहा था जिसका उपचार हेतु 112 से CHC डोंगरगढ़ भेजा गया डॉक्टर साहब द्वारा द्दृष्द्ध पेण्ड्री राजनांदगाव ईलाज हेतु रिफ्र करने से 108 से भेजा गया जहाँउपचार दौरान मौत हो गयाअस्पताली मेमो पर जीआरपी थाना डोंगरगढ़ मे मर्ग क्रमांक 08/26 धारा 194 Bnss कायम कर जांच मे लिया गया है अज्ञात मृतक के नाम वारिसान के बारे मे कोई पता नहीं चला है जानकारी होने पर जीआरपी थाना डोंगरगढ़ मो न 9479191506 पर सूचित करे।

# सेवा भाव के कारण भारतीय डॉक्टरों को देश के बाहर भी मिलता है सम्मान : डेका

**रायपुर, 3 मार्च।** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स रायपुर में रेस्पिरेटरी इंटेंसिव केयर यूनिट का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में एम्स एक विश्वसनीय संस्थान रहा है। जब हम सुपर स्पेशलिटी चिकित्सा संस्थानों की बात करते हैं एम्स का नाम सबसे ऊपर होता है। यह गर्व का विषय है कि भारत के सभी राज्यों में एम्स की स्थापना हो चुकी है। एम्स रायपुर में इलाज हेतु आए मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इस लिहाज से इस संस्थान को और बड़ी जगह की आवश्यकता पड़ेगी। उन्होंने कहा कि मैं राज्य शासन को यह सलाह दूंगा कि नवा रायपुर में एम्स की स्थापना के लिए भूमि आबंटित करें, ताकि बड़ी संख्या में जरूरतमंद मरीजों को चिकित्सा सुविधा मिल सकें। राज्यपाल ने छत्तीसगढ़ में सुपर स्पेशलिटी कार्डियक फैसिलिटी की



स्थापना पर बल दिया, ताकि हृदय रोगियों को अपने ही प्रदेश में बेहतर इलाज मिल सकें और उन्हें प्रदेश के बाहर न जाना पड़े। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज अथवा एम्स में सुपर स्पेशलिटी कार्डियक फैसीलिटी की स्थापना की जा सकती है। श्री डेका ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि चिकित्सा सुविधाओं की बढ़ोतरी के कारण प्रदेश में मृत्यु दर में आशानुकूल कमी आई है। लेकिन अभी भी बहुत कुछ करना बाकी है ताकि हम वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बना सकें। इसके लिए प्रत्येक क्षेत्र में बेहतर परिणाम हासिल करने होंगे, चाहे वह चिकित्सा का क्षेत्र हो, इंजीनियरिंग का क्षेत्र हो या अंतरिक्ष विज्ञान। श्री डेका ने डॉक्टरों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि आप सभी ऐसे नोबेल प्रोफेशन में हैं जो सीधे लोगों की भलाई से जुड़ा हुआ है। आज भी समाज का एक बड़ा तबका डॉक्टरों को भगवान मानता है। देश के बाहर भी भारतीय डॉक्टरों का नाम सम्मान से लिया जाता है। इसकी सबसे बड़ी वजह हमारे सुप्रशिक्षित और समर्पित डॉक्टर हैं। हमारे भारतीय डॉक्टर हमेशा मरीजों के बेहतर इलाज को प्राथमिकता देते है जो उनकी सेवा भावना का परिचायक है। उन्होंने अपनी माता जी का संस्मरण साझा करते हुए कहा कि जब मेरी माता जी बीमार रहा करती थीं जब का मेरा अनुभव है कि डॉक्टरों को देखते ही उनकी आधी परेशानी खत्म हो जाती थी। यह डॉक्टरों पर आम लोगों के अटूट विश्वास को दर्शाता है। श्री डेका ने इस अवसर पर भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह संस्थान चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में नये प्रतिमान स्थापित करता रहें और निरंतर मरीजों की सेवा में तत्परता से जुटा रहे ऐसी मेरी कामना है। इस अवसर पर एम्स के चिकित्सा अधिकारी बडी संख्या में उपस्थित थे।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, दन्तेवाड़ा**
(फोन/फैक्स नं.-07856-252362, ई-मेल- eedan-phe-cg@nic.in)

निविदा सूचना क्र./13/ले.शा./का.अ./लो.स्वा.यां. खण्ड,/2026 — दन्तेवाड़ा, दिनांकः 26.02.2026

**//मैनुअल पद्धति प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना//**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से जिला दंतेवाड़ा में कार्य हेतु मुहरबंद निविदा प्रपत्र 'अ' में एकीकृत पंजीयन व्यवस्था प्रणाली में 'डी' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| समूह क्र. | कार्य का विवरण | निविदा आमंत्रण | अनुमानित लागत रू. लाख में | निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | धुरली समुह जल प्रदाय योजना के तहत इंटेकवेल दन्तेवाड़ा में नदी किनारे बाढ़ से कटाव/स्थान पर मुरूम प्रदाय कर भरने का कार्य | प्रथम | 8.13 | 09.03.2026 |
| 2 | धुरली समुह जल प्रदाय योजना के तहत दन्तेवाड़ा इंटेकवेल के अन्दर भरी मलमा मिटटी खोदकर बाहर फेकने का कार्य | प्रथम | 1.25 | 09.03.2026 |
| 3 | दन्तेवाड़ा इंटेकवेल के दोनों तरफरिटेनिंग वाल का निर्माण कार्य | प्रथम | 14.20 | 09.03.2026 |

**नोटः**- उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में दिनांक 09.03.2026 तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

जी-252606979/4

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
दंतेवाड़ा

# होली में 130 शराबी वाहनचालकों की गाड़ियां जब्त

**नाकेबंदी में जांच के बाद अफसरों ने की कार्रवाई**

**नियम तोड़ने वाले वाहनचालक पैदल गए घर**





**रायपुर, 3 मार्च।** होली से पहले शहर में नशे में वाहन चलाने वालों पर पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। विशेष अभियान के तहत 130 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई कर उनकी गाड़ियां जब्त कर ली गईं। कई चालक कार्रवाई के बाद पैदल ही घर लौटते नजर आए।

होली पर्व को देखते हुए सुरक्षा के मद्देनजर यह अभियान चलाया गया। शराब के नशे में तेज रफ्तार वाहन चलाने से सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला के निर्देश पर पुलिस उपायुक्त यातायात एवं प्रोटोकॉल विकास कुमार के मार्गदर्शन में शहरभर में 42 चेकिंग पॉइंट लगाए गए। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त विवेक शुक्ला और दौलत राम पोर्ते के निर्देशन में सहायक पुलिस आयुक्तों की टीम ने शाम से देर रात तक सघन जांच अभियान चलाया। सभी चेकिंग पॉइंट पर ब्रीथ एनालाइजर मशीन से वाहन चालकों की जांच की गई। जांच के दौरान 130 वाहन चालक शराब के नशे में वाहन चलाते पाए गए। कार्रवाई में 39 कार, 73 मोटरसाइकिल, 3 ट्रक और 15 टाटा एस पिकअप व ई-रिक्शा शामिल हैं। सभी के खिलाफ मोटरयान अधिनियम की धारा 185 के तहत कार्रवाई करते हुए वाहनों को जब्त किया गया। जब्त वाहन यातायात मुख्यालय और संबंधित थानों में सुरक्षित रखे गए हैं।

### नाकेबंदी प्वाइंट लगाकर अफसर कर रहे जांच

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, इन प्रकरणों को होली के बाद न्यायालय में पेश किया जाएगा। शराब पीकर वाहन चलाने पर प्रत्येक मामले में 10 हजार से 15 हजार रुपए तक जुर्माना लगाया जा सकता है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि होली तक विशेषकर रात के समय नियमित चेकिंग जारी रहेगी और नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## होली पर रायपुर पुलिस की सख्ती

# जबरन रंग डालने पर होगी कानूनी कार्रवाई

**रायपुर, 3 मार्च।** होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए रायपुर पुलिस कमिश्नरेट ने कड़े निर्देश जारी किए हैं। पुलिस प्रशासन ने साफ कर दिया है कि किसी भी व्यक्ति की अनुमति के बिना रंग या पानी डालना दंडनीय अपराध माना जाएगा। ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कमिश्नरेट द्वारा जारी एडवाइजरी में कहा गया है कि त्योहार की आड़ में हुड़दंग, जबरन रंग लगाना या उत्पात मचाने जैसी गतिविधियां बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

**मुखौटों की बिक्री और उपयोग पर रोक:** पुलिस ने होली के दौरान पहचान छिपाने की आशंका को देखते हुए मुखौटों की बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। अधिकारियों का कहना है कि कई बार असामाजिक तत्व मास्क या मुखौटे पहनकर घटनाओं को अंजाम देते हैं, जिससे उनकी पहचान करना मुश्किल हो जाता है।

**जमीन से लेकर आसमान तक निगरानी:** 4 मार्च को मनाए जाने वाले होली पर्व को ध्यान में रखते हुए शहर में विशेष सुरक्षा योजना लागू की गई है। सड़कों पर लगातार पेट्रोलिंग की जाएगी और संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त बल तैनात रहेगा। इसके साथ ही ड्रोन कैमरों के जरिए आसमान से भी निगरानी रखी जाएगी, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था पर तुरंत नियंत्रण किया जा सके।

**शांति और सौहार्द की अपील:** पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से आपसी भाईचारे और शांति के साथ त्योहार मनाने की अपील की है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जाएंगे। शहर में जहां एक ओर बाजारों में होली को लेकर रौनक बढ़ गई है, वहीं प्रशासन भी त्योहार को सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है।



**एक नजर**

## जैन दादाबाड़ी में दादागुरुदेव के संग भक्तों ने खेली होली



**रायपुर, 3 मार्च।** आचार्य जिनमणिप्रभ सूरीश्वर म सा हस्ते प्रतिष्ठित चमत्कारी जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी भैरव सोसायटी में होली पूनम के पावन अवसर पर जिनकुशल गुरुदेव के संग चंदन केशर से होली खेली गई दादागुरुदेव की बड़ी पूजा कर सुख समृद्धि, आरोग्य व सामाजिक सौहार्द की प्रार्थना की गई उक्ताशय की जानकारी सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष सन्तोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने दी। अध्यक्ष सन्तोष बैद, वर्धमान चोपड़ा, दीप्ती बैद, विवेक बैद, निर्मल पारख द्वारा बड़ी पूजा विधान सम्पन्न हुआ। कुशल नाम है कितना प्यारा, जन जन की आंखों का तारा, जब कोई नही आता मेरे दादा आते हैं, मेरे दुःख के दिनों में वो बड़े काम आते हैं। भजनों से वातावरण गुरुभक्ति में सराबोर हो गया। इस अवसर पर प्रतिष्ठाचार्य जिनमणिप्रभ सूरीश्वर म सा के 66 वे अवतरण दिवस के अवसर पर सकल श्रीसंघ की ओर से बधाई व कोटिशः वन्दना अर्ज की गई। होली पूनम पर दादागुरुदेव की बड़ी पूजा के लाभार्थी परिवारों द्वारा गुरुप्रसादी रखी गई। खरतरगच्छाधिपति आचार्य जिनमणिप्रभ सूरीश्वर की निश्रा में जैसलमेर चादर महोत्सव व विश्वशान्ति प्रत्यर्थ 1 करोड़ 8 लाख भक्तों द्वारा इक्तिसा जाप होगा। विश्वभर में 1 करोड़ 8 लाख दादागुरुदेव भक्तों द्वारा 7 मार्च को ठीक 11 . 30 बजे से 12 . 30 बजे तक सामुहिक इक्तिसा जाप किया जावेगा। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी में भी 7 मार्च को ट्रस्ट के सानिध्य में खरतरगच्छ महिला परिषद व निर्वाणा ग्रुप द्वारा सैकड़ों भक्तों के साथ दादागुरुदेव इक्तिसा जाप होगा।

## नवोदय के पूर्व छात्र-छात्राओं ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

**रायपुर 3 मार्च।** राजधानी रायपुर के एक शापिंग मॉल परिसर में जवाहर नवोदय विद्यालय भूपदेवपुर (रायगढ़ ) के पूर्व छात्र -छात्राओं के संगठन (जार एसोसिएशन) द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। संगठन के रायपुर जोन के अंतर्गत आयोजित इस समारोह की अध्यक्षता गणेश लाल पटेल, अनुराधा चौधरी एवं हर्षलता मिश्रा ने की। इस अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों – गणेश लाल पटेल, अनुराधा चौधरी, हर्षलता मिश्रा, प्रवीण भगत, पद्मलोचन साव, विवेक पटेल, डॉ. संतोष राठिया, शालिनी गुप्ता, ज्योति प्रकाश जायसवाल, महेंद्र कुमार, अनिल मरावी, भूपेश कुमार एवं शुभम आर्य तथा सभी के परिवारों ने अपनी सहभागिता दी। जवाहर नवोदय विद्यालय एलुमनी एसोसिएशन रायगढ़ (जार )ने दो दिन पहले एक मार्च को इस कार्यक्रम का आयोजन किया था, जहाँ सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं तथा आपसी प्रेम और सदभावना के साथ एकता का संदेश दिया। पूर्व विद्यार्थियों ने अपनी पुरानी स्मृतियों को साझा करते हुए संगठन की एकजुटता को और अधिक सुदृढ़ करने का संकल्प लिया।

# होली पर कानून व्यवस्था बनाए रखने पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**तिल्दा-नेवरा, 3 मार्च।** पुलिस अधीक्षक श्वेता सिन्हा के नेतृत्व में शहर के प्रमुख मार्गो पर फ्लैग मार्च निकाला गया। इस मार्च का उद्देश्य आम जनता को सुरक्षा का भरोसा दिलाना और असामाजिक तत्वों को कड़ी चेतावनी देना था।यह फ्लैग मार्च माना से शुरू हुई और रात को तिल्दा में आकर समाप्त हुई उन्होंने पुलिस बल के साथ शहर में फ्लैग मार्च निकालकर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया शहर के प्रमुख मार्गों, बाजार क्षेत्रों और संवेदनशील स्थानों का पैदल व वाहन दल के साथ भ्रमण करते हुए उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

श्वेता सिन्हा ने बताया की होली पर सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए पुलिस प्रशासन ने विशेष योजना तैयार की है।इसके तहत, शहर के विभिन्न हिस्सों में फिक्स पुलिस प्वाइंट बनाए गए हैं। साथ ही, पेट्रोलिंग पार्टियां लगातार गश्त पर रहेंगी।संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखी जाएगी। हुड़दंगियों और मनचलों को पकड़ने के लिए सादी वर्दी में महिला पुलिस टीम और विशेष बल भी तैनात रहेगा।एसपी ने कहा, त्योहार खुशियों का प्रतीक है, इसे शांति और



अनुशासन के साथ मनाएं। पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है, लेकिन नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने स्पष्ट कहा–कानून सबके लिए बराबर है कोई भी व्यक्ति अवैध शराब बिक्री या अन्य गैरकानूनी गतिविधि में लिप्त पाया जाता है, तो तत्काल कार्रवाई की जाएगी किसी भी को बख्सा नहीं जायेगा । थाना प्रभारी रमाकांत तिवारी ने कहा की किसी भी व्यक्ति या असामाजिक तत्व की गतिविधि संदिग्ध लगे, तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। उन्होंने शांति और विधि-व्यवस्था बनाए रखने में आमजन के सहयोग को अत्यंत आवश्यक है ।

## अब निराश्रित पेंशन हितग्राही घर बैठे करवा सकते हैं डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट सत्यापन

**रायपुर, 3 मार्च।** नगर पालिक निगम रायपुर के शहरी गरीबी उपशमन विभाग द्वारा समस्त निराश्रित पेंशनधारको को जानकारी दी गयी है, कि सभी पेंशन हितग्राही अपना डीएलसी (डिजिटल लाइफसर्टिफिकेट) सत्यापन अपने घर पर उपलब्ध किसी भी एंड्राइड मोबाईल के द्वारा प्राप्त कर सकते है। डीएलसी सत्यापन नही होने की स्थिति में भविष्य में हितग्राहियों को पेंशन आहरण में कठिनाईयों का सामना ना करना पडे इस हेतु, प्रक्रिया कर अपना डीएलसी सत्यापन अपने मोबाईल पर ही करे। समस्त निराश्रित पेंशनधारकों को उक्त कार्य हेतु सत्यापन की प्रक्रिया के सम्बन्ध में दी गयी। पहले अपने फोन के प्ले स्टोर से बेनिफिसियरी सत्यापन एप्प को डॉउनलोड करे। फिर उसको ओपन करे प्रोसीड कर अपना आधार नंबर एवं मोबाईल नंबर डालकर आगे बढे फिर आपकों Facerd app डाउनलोड करने का मैसेज आयेगा। आपको पुनः प्ले स्टोर में जाकर Facerd app को डाउनलोड करके अपना स्वयं का फेस स्केन कर ले आप डीएलसी करने के लिए पंजीकृत हो जायेंगे। अब आप बेनिफिसियरी सत्यापन एप्प को ओपन कर लेलें central govt पर टच करें नेशनल सोशल असिस्टेंस प्रोग्राम (एनएसएपी) पर टच करें बेनिफिसियरी वेरिफिकेशन पर टच करें। अब पेंशन हितग्राही को आधार नंबर एवं मोबाईल नंबर डालें टिक लगाएं हितग्राही के मोबाईल पर ओटीपी आयेगा ओटीपी डालकर पेंशन हितग्राही का फेस स्कैन करें।

# नई आबकारी नीति : वित्तीय वर्ष में सभी ब्रांड की शराब होंगी महंगी

**रायपुर, 3 मार्च।** प्रदेश में नए वित्तीय आबकारी वर्ष मार्च से शराब के रेट बढ़ने की संभावना है। आबकारी आयुक्त ने देशी-विदेशी शराब निर्माताओं एवं प्रदाय कर्ताओं से रेट ऑफर ऑनलाईन मंगाया है। ज्ञात रहे छत्तीसगढ़ में इस समय लोवर रेंज एवं प्रीमियम रेंज की सभी शराब के रेट अत्यधिक होने के कारण समाज के कमजोर वर्ग के लोग परेशान हैं।

प्रदेश के आबकारी आयुक्त ने देशी-विदेशी निर्माता एवं प्रदायकर्ता इकाइयों से थोक प्रदाय हेतु 24 फरवरी से जारी रेट ऑफर के अनुसार ऑनलाइन पोर्टल पर रेट ऑफर आमंत्रित किया है। 17 मार्च को प्रातः 11 बजे रेट ऑफर खोला जाएगा। आबकारी आयुक्त के अनुसार देशी-विदेशी मदिरा के निर्माता प्रदायकर्ता इकाइयां कार्यालय आबकारी आयुक्त जीएसटी भवन नवा रायपुर अटल नगर में ऑनलाईन माड्यूल प्रदर्शन दो मार्च को प्रातः 11 बजे निविदाकारों से बातचीत की जाएगी। वहीं 9 मार्च को प्रातः बोली लगाने वालों से अनौपचारिक चर्चा के बाद इसे फाइनल किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ में शराब की नई आबकारी नीति



एक अप्रैल से लागू हो जाएगी, जिसमें सरकार ही शराब बेचेगी, लेकिन सरकार द्वारा शराब बेचे जाने के कारण यह कॉफी महंगी हो गई है। शराब प्रेमियों के अनुसार पसंदीदा ब्रांड नहीं मिल रहा है। गरीब एवं मजदूर वर्ग को गोवा के बदले सोले तथा अन्य ब्रांड पकड़ा दिया जाता है। इसके पाव का रेट 120 रूपए है, दुकान में सेल्समेन 10 रूपए ज्यादा ले लेते है, वहीं प्रीमियम रेंज की शराब भी महंगी हो गई, इसमें आईबी, वीपी, नंबर 1 के पव्वा का रेट 220 रूपए है। इसके अलावा और भी महंगी शराबे आती है, आबकारी विभाग के द्वारा लाइसेंस एफएल-1, एफएल-2 की फीस भी बढ़ाई जा रही है।

**PICTURE-स्टोरी**




रायपुर, 3 मार्च। ग्रहण के कारण आज राजधानी के मंदिरों के पट बंद रहे।

# सेवानिवृत्ति पर कार्यपालन अभियंता रघुमणि का सम्मान

**रायपुर, 3 मार्च।** नगर पालिक निगम रायपुर की सेवा से माह नवम्बर 2025 में सेवानिवृत्त हुए नगर निगम कार्यपालन अभियंता रघुमणि प्रधान का नगर निगम रायपुर को सेवायें देने हेतु सम्मान नगर निगम रायपुर के अपर आयुक्त लोकेश्वर साहू ने अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, कृष्णा खटीक, उपायुक्त जसदेव सिंह बाबरा, जागृति साहू, अधीक्षण अभियंता संविदा बी एल चंद्राकर, कार्यपालन अभियंता प्रदीप यादव, स्वच्छ भारत मिशन के विषय विशेषज्ञ प्रणित चोपड़ा, सूरज चंद्राकर सहित नगर पालिक निगम रायपुर के अन्य सम्बंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में उन्हें श्रीफल, शाल, स्मृतिचिन्ह बुके सहित प्रदत्त करते हुए किया. रायपुर नगर निगम के अपर आयुक्तगणों, उपायुक्तगणों ने नगर निगम रायपुर के सेवानिवृत्त कार्यपालन अभियंता रघुमणि प्रधान को रंगों के त्योहार होली पर्व की अग्रिम हार्दिक शुभकामनायें दीं और उनके सुखी, स्वस्थ, समृद्ध जीवन हेतु हार्दिक मंगलकामनायें उनके द्वारा रायपुर नगर निगम को दी गयी सेवाओं को सराहते हुए दीं.

कार्यपालन अभियंता रघुमणि प्रधान के रायपुर नगर पालिक निगम की स्वच्छ भारत मिशन शाखा के नोडल अधिकारी के रूप में किये गए प्रशासनिक कार्य दायित्व निर्वहन में विशेष



रूप से रायपुर शहर नगर पालिक निगम क्षेत्र के राष्ट्रीय स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में देश का चौथा स्वच्छ शहर बनने की रैंकिंग का गौरव रायपुर शहर को मिलने में उनके प्रशासनिक कार्य दायित्व के उल्लेखनीय ओजपूर्ण योगदान की सराहना रायपुर नगर निगम के अपर आयुक्तगणों और उपायुक्तगणों द्वारा उनका सेवा सम्मान करते हुए की गयी.

**बुरा न मानो होली है** — **राजधानी में यातायात का दबाव कम करने केंद्र सरकार की मदद से**

# टाटीबंध से जोरा तक उड़न पुल बनाने विचार, तात्यापारा ओव्हरब्रिज खास उपयोगी नहीं होगा

**रायपुर, 3 मार्च (होली संवाददाता)।** राजधानी की सड़कों पर यातायात का दबाव कम करने केंद्र सरकार की मदद से टाटीबंध से जोरा तक फ्लाईओवर (उड़नपुल) नाने पर विचार किया जा रहा है। यातायात की समस्या से निपटने के लिए यही एक मात्र व स्थायी इलाज है। यह फ्लाई ओवर सिक्स लेन का हो सकता है। छत्तीसगढ़ राज्य तथा रायपुर के राजधानी बनने के बाद इस पुराने शहर में ट्रेफिक का प्रेशर एकदम से बढ़ गया है। पहले तो यहां व्यापारी व चिल्हर ग्राहक ही आते थे लेकिन अब पर्यटकों के अलावा मुख्यमंत्री व मंत्रियों से मिलने सरकारी कामकाज कराने वालों सहित हाट बाजार करने भी पूरे प्रदेश व अन्य राज्य से भी बड़ी संख्या में लोग यहां आते हैं। भारी-भरकम यातायात के बोझ को सहने




लायक रायपुर की एक भी सड़क नहीं है। फिर भी इन्हीं सड़कों पर वीआईपी मूवमेंट भी होता है लिहाजा रोज कई बार सड़कें घंटों जाम हो जाती है। सड़कों की चौड़ाई बढ़ाने की भी गुंजाइश भी नहीं है। आने वाले दिनों में भीड़ और बढ़ेगी। इस विकराल समस्या से निपटने के लिए फ्लाईओवर निर्माण पर जोर दिया जा रहा है। यह छः लेन फ्लाई ओवर टाटीबंध भारतमाता स्कूल से शुरू होकर कृषि महाविद्यालय जोरा के पास समाप्त होगा। इस फ्लाई ओवर में कही भी उतरने-चढ़ने का स्थान नहीं होगा। मुंबई वाली गाड़ियां बिना रुके सीधे निकल जाएंगी। इससे रिंग रोड पर भी यातायात का बोझ कम होगा। अब सवाल यह है कि स्काई वॉक का क्या होगा? फ्लाई ओव्हर विशेषज्ञों का कहना है कि एक उपाय यह है कि जयस्तंभ चौक के पास शास्त्री चौक तक के फ्लाई वॉक के हिस्से को गिरा दिया जाए। दूसरा उपाय यह है कि स्काई वॉक को गिराने के बजाय इससे दोनों ओर तीन-तीन लेन बना दिया जाए इससे किसी तरह का नुकसान भी नहीं होगा। आम जनता को राहत मिल जाएगी तथा यातायात सुगम भी हो जाएगा। इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को केंद्र के सहयोग से पूरा किया जा सकता है। यहां यह बताना जरूरी होगा कि बजट में तात्यापारा से जयस्तंभ चौक तक ओवर ब्रिज की घोष्णणा की गई है। बताया जाता है कि इस ब्रिज को बनने में तकनीकी दिक्कतें आएगी। इतना छोटा ब्रिज खास उपयोगी नहीं होगा।

## मोहन तिवारी होंगे चौपाया, त्रिपुरा की कन्या से रिश्ता तय

**रायपुर, 3 मार्च (होली संवाददाता)।** कमरतोड़ संघष के बाद अंततः रायपुर प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मोहन प्यारे यानी मोहन तिवारी को विवाह के मनमुआफिक कन्या मिल ही गई। प्रेस क्लब के महासचिव गौरव शर्मा ने राजफाश करते हुए बताया कि अध्यक्ष जी नाम भले ही मोहन है परंतु उनके जीवन में गोपियों का हमेशा अकाल रहा है। यही वजह है कि मोहन का रिश्ता तय नहीं हो पा रहा था। जब मोहन में शादी करने की तीव्र लालसा थी। बकौल गौरव प्रेस क्लब की संयुक्त सचिव बहन निवेदिता साहू (चक्रवर्ती) से मोहन की पीड़ा व बेचैनी देखी नहीं गई। क्रिकेअ स्पर्धा के दौरान निवेदिता ने पिच के मध्य में खड़े होगा बल्ले की कसम खाई कि मोहन भाई का गठबंधन कराकर भाभी जरूर लाएगी। कहते हैं कि छत्तीसगढ़ दर्शन के लिए त्रिपुरा से एक छबीली युवती पत्रकार यहां आई थी उसकी मुलाकात प्रेस क्लब में निवेदिता से हुई थी। उस महिला पत्रकार से मिलकर निवेदिता के दिमाग की ट्यूबलाईट जल गई और उनसे डेट फायनल करने वीआईपी रोड के एक कैफे में मोहन व युवती की मुलाकात करा दी। उनके टेबल के बाजू के टेबल में मुंह छुपाकर बैठे प्रेस क्लब के पदाधिकारी दिनेश यदु, भूपेश जांगड़े ने बताया कि मोहन भले शरमा रहा था किंतु वह युवती पर मोहा गया था। मोहन को लगा कि अब उम्र भी खर्च हो रही है तथा इससे अच्छी कन्या उसे मिलेगी नहीं लिहाजा उसने युवती को हाथ में काफी का कप लेकर शादी के लिए प्रपोज कर दिया। अचानक से ऐसा होने पर युवती घबरा गई। लेकिन संयत होते हुए उसके बाद में जवाब देने को कहा। इससे उदास होते हुए मोहन ने सोचा कि मैंने कहीं छिछोरी हरकत तो नहीं कर दी। युवती ने निवेदिता से चर्चा कर मोहन के चाल-चलन चरित्र पर शोध किया। फिर निवेदिता के कहने पर संगवारी ग्रुप के थिंक टैंक प्रशांत शर्मा, प्रकाश शर्मा, रामअवतार तिवारी, बृजेश चौबे, वीरेन्द्र शर्मा, समरेन्द्र शर्मा, अंशुमान शर्मा, प्रदीप दुबे, संदीप पुराणिक, निगम बंधु से विचार मंथन किया। यहां से सबकुछ ओके होने के बाद युवती ने मोहन हसे शादी का निर्णय सुना दिया। इस निर्णय से बखौलाए चिरअविवाहित अनिल पुसदकर ने मोहन को शादी न करने को मनाया तथा अपनी शाही जिंदगी का उदाहरण दिया। उत्साह से लबरेज मोहन अपनी उछाल भरती ऊर्जा के सामने शिथिल पड़ गया था। वह विवाह के फैसले पर अडिग रहा। शादी त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में होगी। तारीख तय नहीं है किंतु निमंत्रण पत्र छपवाने का ठेका दामू अम्बेडारे को दिया गया है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26